तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 5 नवंबर , 2025



10 नाम है पुष्पवाटिका... जहां होती है नशाखोरी मुख्य द्वार, कुर्सियां उजाड़, पुतलों के सिर गायब






## खबर संक्षेप

### ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार घायल

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक ने स्कूटी सवार को चपेट में लिया।आसपास के लोगों ने उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया है। मिली जानकारी के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर भिलाई तीन में तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने स्कूटी सवार को जोरदार ठोकर मार दिया। घटना में स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। घायल का नाम बोरसी दुर्ग निवासी राजेश बताया जा रहा है। घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। भिलाई तीन थाने में फिलहाल शिकायत दर्ज नहीं हो पाई है। जहां पर हादसा हुआ है अक्तर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण दो पहिया वाहनों को दिक्कत होती है। अक्सर हादसे में यहां उक्त लोग ही चपेट में आते है।

### कार की ठोकर से वृद्ध की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने वृद्ध को ठोकर मार दिया। वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुपेला थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक सीजी 07 सीजेड 7779 के चालक ने तेज रफ्तार से कार चलाते हुए वृद्ध को ठोकर मार दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक के शव का शिनाख्त खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई है। मामले में सुपेला पुलिस मृतक का शिनाख्त करने में जुटी हुई है। बताया तो यह भी जा रहा है वृद्ध नशे की हालत में सड़क के आसपास घूमा करता था।

### तेज रफ्तार कार ने पांच मवेशियों को रौंदा

भिलाई। तेज रफ्तार से आ रही कार ने पांच मवेशियों को रौंद दिया है। घटना नेवई थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को सड़क पर बैठी मवेशियों पर तेज रफ्तार कार ने रौंदते हुए आगे बढ़ गया। हादसे में गर्भवती एक मवेशी का पैर टूट गया। जबकि अन्य चार मवेशी गंभीर रुप से घायल है। जिसका पूरा वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। कृष्णा टॉकीज रोड पर गुप्ता फर्नीचर के सामने की घटना है। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि हवा में उड़ रही थी। खबर है कि कार को एक महिला चला रही थी। वार्ड 23 प्रगति नगर धर्मेंद्र भगत ने बताया कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने शोर मचाया और कार का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन चालक फरार हो गया। पुलिस और पार्षद क्षेत्र के सीसीटीवी की जांच कर रहे है।

# स्कैमर्स ट्राई का नाम लेकर कर रहे फ्रॉड, साइबर धोखाधड़ी रोकने पुलिस ने छेड़ा अभियान, 9 माह में 4.12 करोड़ कराए होल्ड, ठगों से 2.56 करोड़ लौटाए

जेएम तांडी ⏭भिलाई

साइबर प्रहरी अभियान की बदौलत डिजिटल अरेस्ट, फेक लिंक से लेकर ओटीपी फ्रॉड जैसे तमाम प्रकरण को लेकर पुलिस मुस्तैद है। ऐसे मामलों से निपटने के लिए पुलिस ने सख्ती भी शुरू कर दी है। इसके चलते पिछले साल की तुलना में साइबर ठगी के प्रकरणों में करीब 25 फीसदी कमी आई है। पुलिस ने जनवरी से सितंबर के मध्य फ्रॉड के मामलों में करीब 4.12 करोड़ रुपए होल्ड कराए हैं। करीब 2.50 करोड़ की राशि को लोगों को वापस दिलाया है। साइबर फ्रॉड के वर्ष 2021 में 683 प्रकरण सामने आए थे। इसके बाद लगातार आंकड़ों में इजाफा हो रहा था। पिछले वर्ष डिजिटल अरेस्ट और लिंक फ्रॉड के प्रकरणों से शहर व गांव में बेतहाशा वृद्धि हुई। जिले की पुलिस तक 4112 प्रकरण पहुंचे। इस बार 3462 प्रकरण सामने आए हैं। इसमें पुलिस 191 प्रकरण में कार्रवाई कर आरोपियों तक पुलिस पहुंच चुकी है, इसी तरह ठगी का शिकार लोगों की रकम वापसी के मामले में पिछले साल की तुलना में 40 फीसदी से ज्यादा रकम पुलिस ने वापस कराई है। पिछले साल पुलिस ने 1.70 लाख रुपए से ज्यादा रकम वापस कराई, लेकिन वर्ष 2025 के सितंबर तक बीते 9 माह में 2.50 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि लौटा चुकी है।

### ऐसे बनाया जा रहा साइबर ठगी का शिकार

पुलिस ने बताया कि कानून की भाषा में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई शब्द नहीं है। स्कैमर्स ट्राई का नाम लेकर लोग धोखाधड़ी करते हैं। कॉलर्स को अवैधानिक गतिविधि का हवाला देकर धमकाते हैं। सीमा या कस्टम में पार्सल पकड़ने का हवाला देते, परिवार के सदस्य की गिरफ्तारी, सोशल मीडिया पर स्टॉक मार्केट निवेश, ऑनलाइन जॉब में बिना मेहनत के बड़ी राशि कमाने पेशकश, एसएमएस या मेल से बड़ी लॉटरी का झांसा, गलती से पैसा चले जाने की ट्रिक, केवाईसी अवधि समाप्त होने का हवाला, टैक्स चोरी का डर दिखाकर। ऐसे में कोई अनजान कॉल करके ऐसी बातें कहें तो तुरंत नंबर काटकर उसे ब्लॉक कर दें।

### स्कैमर्स ट्राई का नाम लेकर करते हैं फ्रॉड

ट्राई यानी भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण। इसका नाम लेकर स्कैमर्स कई तरह के तरीकों से ठगी करते हैं, जैसे कि ट्राई के नाम पर कॉल करके और मोबाइल नंबर बंद करने की धमकी देकर केवाई डिटेल्स मांगना, या ट्रैफिक चालान के बहाने फर्जी एपीके फ्राइल डाउनलोड करवाना। इसके अलावा, वे निवेश का झांसा (हाई रिटर्न का लालच) देकर, फर्जी पार्ट-टाइम जॉब या इंस्टेंट लोन का वादा करके और ओटीपी और पर्सनल जानकारी मांगकर ठगी करते हैं। स्कैमर्स से बचने के लिए, किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, किसी भी कॉल पर ओटीपी न बताएं और केवल आधिकारिक ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें।

### ऐसे कराया होल्ड और रिटर्न

| वर्ष | होल्ड | रिटर्न |
|---|---|---|
| 2021 | 1843765 | 00 |
| 2022 | 1813191 | 00 |
| 2023 | 13448142 | 00 |
| 2024 | 46136606 | 17070308 |
| 2025 | 41203062 | 25611051 |

### स्कूल कॉलेज में भी जागरुकता अभियान

स्कैमर्स से बचने ठगी के पैटर्न को समझना आवश्यकता है। स्कैमर्स लोगों से फ्रॉड करने के लिए नए-नए तरीके अपना कर लोगों को फंसाने का प्रयास करते हैं। स्कूल, कॉलेज, बैंक या शासकीय प्रतिष्ठान तक में एक टीम स्कैमर्स के ठगी के तरीकों से लोगों को जागरुक कर रही है। जिलेभर में साइबर प्रहरी के माध्यम से साइबर अपराधों से बचाव के महत्वपूर्ण टिप्स दिए जा रहे हैं। लोगों को 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर और पोर्टल की जानकारी दी जा रही है।

### डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करें



साइबर प्रहरी अभियान के माध्यम से आमजन को लगातार नए नए ट्रेंडिंग साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। प्रत्येक नागरिक डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करें। किसी भी प्रकार के साइबर फ्रॉड से स्वयं को एवं अपने परिवार को सुरक्षित रखें। हेल्पलाइन नंबर 1930 जारी किया गया है। जहां पीड़ित तत्काल शिकायत दर्ज करा सकते हैं। व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रतिदिन एक वीडियो, फोटो या संदेश साझा कर जनता को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

- राम गोपाल गर्ग, आईजी

मछलियों के मरने के बाद हरकत में आया भिलाई निगम अमला, सफाई को लेकर बरती जा रही लापरवाही

# दाऊ बाड़ा के बाद नकटा तालाब की मछलियां मर रही, कारणों का अब तक पता नहीं, सफाई के नाम पर 10 दिन पहले डाले गए थे ई-बॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



तालाबों में मछलियों के मरने का सिलसिला जारी है। पहले राधिका नगर स्थित दाऊ बाड़ा में मछलियों के मरने की घटना सामने आई। इसके बाद अब कुरूद वार्ड-22 के नकटा तालाब में मछलियों का मरना शुरू हो गया है। इसके बाद भिलाई निगम की सफाई को लेकर लापरवाही सामने आई है। हालांकि मौत की जानकारी के बाद सफाई अमला दाऊ बड़ा पहुंचा। तालाब से मरी हुई मछलियों को बाहर निकाला गया। साथ ही पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए रायपुर लैब भेजा गया। इधर नकटा तालाब में मछलियों के मरने की जानकारी के बाद सफाई के नाम पर एलम, चूना पाउटर और अन्य दवाओं की मात्रा ज्यादा होने की वजह से मौतें होने की बात सामने आ रही है। 25 अक्टूबर को तालाबों के पानी को साफ करने के लिए निगम ने ई-बॉल डाले थे। आशंका जताई जा रही है कि इस छिड़काव की वजह से मौतें हो रही है। हालांकि निगम ने इस प्रकार की किसी भी बात से इंकार किया है। बता दें कि तालाब से मरी हुई मछलियों की वजह से बदबू आने लगी है। लोगों ने नगर निगम से कुरूद स्थित नटका तालाब की पानी सफाई की मांग की है

### दाऊ बाड़ा तालाब की सफाई में जुटा निगम

वार्ड 7 राधिका नगर स्थित दाऊ बाड़ा तालाब में पिछले तीन दिनों से मछलियों की मौत की खबर ने शहरवासियों को परेशान कर दिया था।



तालाब में करीब 10 किलो से ज्यादा मरी हुई मछलियां मिली थीं। जिसे समाजसेवी संस्था से जुड़े लोगों ने साफ किए थे। चारों ओर फैली बदबू से लोगों का जीना मुश्किल हो गया था। स्थानीय नागिरकों का आरोप है कि नगर निगम द्वारा तालाब में डाले गए दवा के कारण मछलियों की मौत हुई है। लोगों का कहना है कि नगर निगम द्वारा इस तालाब में भी पानी सफाई के लिए ई बॉल का छिड़काव किया गया था। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद निगम हरकत में आया और तुरंत तालाब की सफाई शुरू कराई। सफाई के दौरान कई जिंदा मछलियों को बचाया गया, जबकि कुछ मृत मछलियां तालाब से निकाली गईं। इसी दौरान शराब की खाली बोतलें और कई आपत्तिजनक वस्तुएं सहित मूर्तियों की अवशेष तालाब से बाहर निकाली गईं।

### आखिर क्या है ई-बॉल, क्यों हो रही इसे लेकर इतनी चर्चा

ई-बॉल भिलाई निगम का नया प्रयोग है। दावा किया जा रहा है कि इससे तालाब का पानी साफ होगा। 14 प्रकार के लाभदायक बैक्टीरिया फंगस एवं चूना कैल्शियम कार्बोनेट पाउडर का मिश्रण होता है। प्रत्येक ई-बॉल 10 से 12 ग्राम का होता है। प्रत्येक गोली में मौजूद सूक्ष्मजीव 12 घंटे में ही पानी में घुल जाते हैं और 48 घंटे में प्रभाव दिखने लगता है। पानी में सड़न और प्रदूषण के कारण बनने वाले सूक्ष्मजीव नष्ट होने लगते हैं। ई-बॉल के सूक्ष्मजीवों के लिए कार्बन और नाइट्रोजन युक्त गंदगी ही भोजन बन जाती है, यह ई-बॉल पानी के पीएच पोटैशियम हाइड्रोजनी, टीडीएस, बीओडी, और और सीओडी के स्तर में सुधार कर पानी की गुणवत्ता को ठीक करते हैं। विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत शर्मा बताते हैं कि ई-बॉल तकनीक गंदे पानी को प्रभावी रूप से शुद्ध करती है, जिससे प्रदूषण कम होता है

### भिलाई के इन तालाबों में सफाई के लिए डाले गए ई-बॉल

जानकारी के मुताबिक भिलाई निगम ने शहर के सेक्टर 7 तालाब, सेक्टर 2 तालाब, खुर्सीपार बाबू नगर, खुर्सीपार सूर्यकुण्ड, खुर्सीपार दर्री तालाब, खुर्सीपार बाबा बालक, बैकुंठधाम कैंप 1 तालाब, हाऊसिंग बोर्ड सूर्यकुण्ड तालाब, कैंप 1 मुक्तिधाम तालाब, कुरूद नकटा तालाब, सुपेला शीतला माता तालाब, वार्ड 2 स्मृति नगर तालाब, वार्ड 4 भेलवा तालाब, वार्ड 6 संजय नगर तालाब, वार्ड 7 आमा तालाब, वार्ड 7 दाऊबाड़ा तालाब, वार्ड 11 लिम्हा तालाब, वार्ड 13 भेलवा तालाब की पानी सफाई के लिए 100-100 ई-बॉल का छिड़काव किया गया है।

### सीधी बातः जावेद अली, स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम भिलाई

0 मछलियां क्यों मर रही हैं, इसका क्या कारण है ?
00 पानी में प्रदूषण और ऑक्सिजन की कमी के कारण मछलियां मरी है, आई बॉल से नहीं।
0 तालाब का पानी क्यों प्रदूषित हुआ, इसे लेकर निगम ने पहले जानकारी क्यों नहीं ली ?
00 इस तालाब में प्रतिबंध के बावजूद मूर्तियों को विसर्जित किया गया। छठ पूजा के सामानों को भी तालाब में डाल दिया गया है।
0 क्या दाऊ बाड़ा तालाब के पानी को जांच के लिए भेजा गया है?
00 हां, तालाब के पानी का सैंपल टेस्ट के लिए रायपुर भेजा गया है। 2 से 3 दिन में रिपोर्ट मिल जाएगी।
0 ई-बॉल का उपयोग भिलाई के अलावा और कहां-कहां हुई है?
00 ई-बॉल का उपयोग अंबिकापुर, रायपुर एवं अन्य राज्यों में हुआ है।

### प्रतिबंध के बाद भी प्रतिमाओं का विसर्जन

अधिकारी ने बताया कि दाऊ बाड़ा तालाब में प्रतिमाओं के विसर्जन पर प्रतिबंध है, लेकिन इसके बावजूद यहां देवी-देवताओं की मूर्तियां विसर्जित की गईं। छठ पूजा के दौरान भी तालाब का उपयोग किया गया, जिससे पानी दूषित हो गया और ऑक्सीजन की कमी के कारण मछलियों की मौत हुई। सूचना मिलते ही मंगलवार सुबह सफाई कर्मचारियों द्वारा तालाब का सफाई कराया गया। सफाई अभियान के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक सहित नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, पार्षद आदित्य सिंह और सफाई कर्मचारी दल मौजूद थे।

# दातून तोड़ने को लेकर अधेड़ महिला की हत्या करने वाला पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



दातून तोड़कर फेकने को लेकर हुए विवाद में एक महिला ने अधेड़ महिला के साथ धक्का मुक्की कर उसे मौत के घाट उतार दिया। अधेड़ को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम बोरीद निवासी रूप राम बघेल ने शिकायत किया कि पत्नी राधाबाई बघेल 52 वर्ष का हेमा भारती के साथ सुबह दातून तोड़ कर फेंकने को लेकर विवाद हुआ था। ग्राम बोरीद में हाथ मुक्का लात से राधा बाई के साथ हेमा भारती ने मारपीट की, राधा को अंदरूनी चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपिया हेमा भारती मृतका के साथ मारपीट कर हत्या की है। घटना की खबर लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कार्रवाई कार्यपालिक मजिस्ट्रेट से कराया गया। घटना के चश्मदीद गवाह, पीड़ित, गवाहो के समक्ष आरोपीया का बयान लिया गया। पुलिस ने आरोपिया से पूछताछ के आधार पर शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर मृतिका को आरोपीया द्वारा मारपीट कर हत्या करना स्वीकार किया।

# डरा धमकाकर युवती से किया दुष्कर्म, आरोपी को 10 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

उतई थाना अंतर्गत निवासरत युवती से डरा धमकाकर दुष्कर्म करने वाले को न्यायालय ने 10 साल के कारावास से दंडित किया। आरोपी पर 2 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 1 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 12 मार्च 2024 की है। पीड़िता शाम करीब साढ़े 5 बजे पानी भरने के नाम पर घर से निकली थी। आरोपी सतनामी पारा रनचिरई निवासी विनय पिता पंचराम टंडन (36 वर्ष) घटना स्थल पर आया और अपने साथ युवती को ले गया। वह पीड़िता को गुंडरदेही थाना अंतर्गत चैनगंज ले गया। जहां उसे अपने रिश्तेदार के घर पत्नी बताकर रहा। इस दौरान आरोपी ने युवती ने दुष्कर्म किया। इसके बाद बस में बैठाकर दुर्ग भेज दिया। युवती ने परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद मामला थाने पहुंचा। उतई पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 376 और 506 के तहत अपराध दर्ज किया। प्रकरण न्यायालय में विचारण के लिए प्रस्तुत किया गया। जहां से आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। उसे धारा 376 में 10 साल और 2 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। इसके अलावा 506 में 1 वर्ष की सजा सुनाई।

# जिला न्यायालय के आदेश पर जर्जर भवन को ढहाया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर निगम भिलाई दस्ते ने जोन 2 वार्ड 15 शांति नगर सड़क 2 में न्यायालय के आदेश पर जर्जर भवन को ढहाया । आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर निगम के भवन अनुज्ञा शाखा एवं जोन 2 वैशालीनगर नगर के टीम ने संयुक्त कार्यवाही किए । शांतिनगर सड़क 2 में राजपाल सिंह व सुमन वानखेड़े के बीच भूखण्ड में किये गये भवन निर्माण को लेकर न्यायालय दुर्ग द्वारा पारित आदेश 30 जुलाई 2025 के अनुसार भूखण्ड क्रं 17 पर राजपाल सिंह द्वारा निर्माण किये भवन के जर्जर संरचना को जेसीबी से ध्वस्त कर भूखण्ड का आधिपत्य सुमन वानखेड़े को सौंपा गया। कार्रवाई के दौरान भवन अनुज्ञा के



उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, जोन 2 के चंदन निर्मलकर, जोन के सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, तोड़फोड़ के नोडल अधिकारी विनय शर्मा, सहायक नोडल हरिओम गुप्ता, वार्ड प्रभारी मदनमोहन तिवारी, हरि ताम्रकार सहित जामुल पुलिस का बल उपस्थित रहा

एचडीएफसी बैंक कर्मी व एजेंट भी शामिल, पर्सनल लोन देकर गुमराह किया

# डेयरी लोन और सब्सिडी का झांसा देकर 166 किसानों से ठगी, दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

लोन और बीमा कराने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम घोटा, धमथा निवासी चन्द्रिका पटेल ने पुलिस में शिकायत किया कि परसकोल धमधा के मधु पटेल व्दारा एचडीएफसी बैंक धमया के कर्मी विकास सोनी के साथ मिलकर 26 ग्रामवासियों से दुग्ध उत्पादन के लिए प्रधानमंत्री पशु लोन दिलाने का झांसा दिया। जिसके एवज में दोनों ने मिलकर 46 लाख रुपए का ठगी किया है। इसके अलावा खाता एचडीएफसी बैंक में खुलवाकर लोन में 40 प्रतिशत की सब्सीडी व



कम दिन में ब्याज पटाने को लेकर भी ठगी किया है। खाताधारकों से सुरक्षा के लिए 3-3 चेक भी लिया गया। चेक के माध्यम से सभी खाताधारकों के खाते से रकम निकालकर अपने करीबी रिश्तेदारों के खाता में ट्रांसफर किया। कुल 45 लाख 92 हजार 250 रुपए का ठगी विकास व मधु ने मिलकर किया है। उक्त ठगी वर्ष 2024 में शुरू हुई थी। धमधा समेत आसपास के गांवों के करीब 166 किसानों को पशुपालन विभाग की डेयरी विकास योजना के तहत बैंक से लोन दिलाने का झांसा दिया गया। लेकिन बैंक से पर्सनल लोन उन्हें दिया गया था। किसानों का आरोप है कि एचडीएफसी बैंक के कर्मी विकास सोनी और एजेंट मधु पटेल ने मिलकर इस ठगी को अंजाम दिया। व्हाट्सएप पर संदेशों के माध्यम से योजना का प्रचार भी करते थे। दोनों आरोपियों ने पहले किसानों को भरोसा दिलाया उसके बाद छह महीने केवल किश्त जमा करनी की जानकारी दी।

### खातों से 50-50 हजार रुपए कटवाए

पुलिस के मुताबिक पांच साल में 90 प्रतिशत सब्सिडी मिलने का भी झांसा दिया गया। झांसे में आकर किसानों ने 5 से 10 लाख रुपये तक के लोन ले लिए। किसानों के मुताबिक एजेंट्स ने सुरक्षा और बीमा शुल्क के नाम पर उनके खातों से 50-50 हजार रुपए कटवाए और 10 प्रतिशत रकम नकद वसूली भी किया। अतिरिक्त, सुरक्षा औपचारिकता बताकर किसानों से तीन-तीन ब्लैंक चेक भी लिए गए। इन्हीं चेकों का उपयोग करके लोन की राशि का एक बड़ा हिस्सा एजेंट्स और उनके परिचितों के खातों में ट्रांसफर हो गया। 10 लाख रुपए के लोन पर किसानों को सिर्फ 6-7 लाख रुपए ही मिले। जबकि 5 लाख का लोन लेने वालों को महज 3-3.5 लाख रुपए हाथ लगा। बाकी रकम लोन प्रोसेसिंग, सुरक्षा राशि बताकर गायब कर दी गई।

### बैंक से रिकवरी नोटिस आने लगी तब हुई जानकारी

किसानों को तब जानकारी हुई जू बैंक से नोटिस उनके घर पहुंचा था। जब एचडीएफसी बैंक से रिकवरी नोटिस आने लगा तो बैंक ने उन्हें बताया कि जो लोन लिया था, वह पर्सनल लोन है। उक्त बात सुनकर गांव के लोग परेशान हो गए। जबकि एजेंट्स ने किसानों को भरोसा दिलाया था कि उन्हें 5 साल बाद सब्सिडी के बाद शेष रकम चुकानी होगी। पूरी प्रक्रिया के दौरान उन्हें बैंक नहीं जाने दिया गया। सभी कागजात एजेंट्स ने खुद ही भरवाए और घर जाकर हस्ताक्षर भी करवाए।

# पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारी, बिजली हमारी फिर महंगी क्यों? प्रदर्शन

## आम आदमी पार्टी ने कलेक्टोरेट के सामने किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने बिजली दर की वृद्धि के विरोध में मंगलवार को पटेल चौक के पास धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बिजली दरों में बढ़ोत्तरी का विरोध किया गया। संगठन के प्रदेश महासचिव वद्दू आलम ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नज़र अंदाज कर रही है।

छत्तीसगढ़ की जनता अनाप शनाप बिजली के बिलों से त्रस्त हो चुकी है। इस अवसर पर संगठन मंत्री संजीत विश्वकर्मा ने कहा जनता को हो रही परेशानियों पर आज विशाल धरना दिया गया। कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य है। आम जनता को सस्ती बिजली मिलने के बजाय बिजली महँगी करना समझ से परे है। कहा जा रहा है कि वितरण कंपनी को घाटा हो रहा था इस कारण बिजली दर बढ़ाई गई है। प्रदर्शन के दौरान देवेंदर भाटिया, गीतेश्वरी बघेल, ज्ञान तिवारी, अजय रामटे, रजत पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।




### निजी उद्योगपतियों से बिजली खरीदकर उन्हें फायदा पहुंचाने साजिश

आप ने कहा कि सरकार जानबूझकर गलत डाटा पेश कर रही है। निजी उद्योगपतियों से बिजली खरीदने का और उनको फायदा पहुंचाने की नीति है। सरकार वितरण कंपनी की लागत कम करें। पानी हमारा, कोयला हमारा, जमीन हमारा, उत्पादन हमारा तो रेट ज्यादा क्यों?सरकार लाइन लॉस 15-20% बताती है। सालों से करोड़ों रुपये लाइन लॉस करने के लिए लगाया जा रहा है। मतलब साफ है लाइन लॉस के नाम पर भी धांधली। वहीं बड़े-बड़े व्यापारियों का, नेताओं का करोड़ों बिजली बिल बकाया है। उनसे वसूली ना कर सरकार गरीब लोगों को परेशान कर रही है। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरुरी चार्ज लिए जाते हैं।विद्युत कंपनी छत्तीसगढ़ की जनता की जेब काटने का काम कर रही है।

### 3 जुलाई को भी किया गया प्रदर्शन, जनता हो रही परेशान

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिजली दर वृद्धि का विरोध हर स्तर पर जारी है। पार्टी द्वारा पूर्व में भी 3 जुलाई को बढ़ी हुई बिजली दरों पर सरकार को ज्ञापन दिया था और धरना प्रदर्शन किया था, किन्तु सरकार ने अब तक मांग नहीं मानी इसलिए आम आदमी पार्टी सरकार से पुनः मांग है कि आम जनता के हितों को देखते हुए यह बढ़ी हुई बिजली दर कम करे। यदि सरकार बढ़ी हुई बिजली दर को वापिस नहीं लेती है तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी आम जनता के हितों के लिए इससे भी बड़ा आंदोलन पूरे प्रदेश में करेगी।

## खबर संक्षेप



### वचन मिल्क फैक्ट्री का कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के रसायन विभाग में एक सराहनीय पहल के तहत बायो रसायन छात्र छात्राओं को वचन मिल्क प्रोडक्शन फैक्ट्री खगोरा रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें बायो रसायन विषय के 45 की विद्यार्थियों और दो प्राध्यापक उपमा श्रीवास्तव और अरुंधती खंडेलवाल के मार्गदर्शन में क्षेत्र का भ्रमण किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने दूध उत्पादन, प्रसंस्करण, पैकेजिंग एवं गुणवत्ता नियंत्रण की पूरी प्रक्रिया को नजदीक से देखा और सीखा। फैक्ट्री के विशेषज्ञों ने छात्राओं को बताया कि दूध को कैसे परीक्षण कर विभिन्न उत्पादों जैसे दही, पनीर, घी और फ्लेवर्ड मिल्क में परिवर्तित किया जाता है। उन्होंने पूरी प्रक्रिया के वैज्ञानिक और तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी दी। कॉलेज की प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने बताया कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण छात्राओं के व्यावहारिक ज्ञान और उद्योग से जुड़ी समझ को विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने वचन डेयरी प्रबंधन का सहयोग और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### इस्लाहुल मुस्लिम कमेटी के सै. आसिफ बने अध्यक्ष



दुर्ग। शहर में 60 वर्षों से सामाजिक कार्य करने वाली मुस्लिमों की सबसे बड़ी कमेटी अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन कमेटी का चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। इसमें अध्यक्ष सैय्यद आसिफ अली को मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता तकियापारा दुर्ग के अक्सा मस्जिद के अध्यक्ष सदर शरीफ खान ने की। बैठक मे अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रहीमुद्दीन सिद्दीकी, भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के दुर्ग जिला पूर्व अध्यक्ष जाकिर हुसैन खोखर, दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सैय्यद इसाक अली, अब्दुल मुकीम, सोबी खान, सगीर अहमद, साजिद अहमद, मोहम्मद कैफ, तबरेज खान, अब्दुल वसीम, वसीम सेठी, सैय्यद जावेद अली, मोहम्मद अरमान आलम, जुनेद आजमी आदि मौजूद रहे।

## जामुल पालिका में संवारा गया गार्डन अनदेखी का शिकार

# नाम है पुष्पवाटिका... जहां होती है नशाखोरी


# मुख्य द्वार, कुर्सियां उजाड़, पुतलों के सिर गायब

### मेंटेनेंस के नाम पर हो रही सिर्फ पैसों की बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल के कई पार्क आज अपनी पहचान खो चुके हैं। कभी बच्चों की हंसी और परिवारों की आवाज से गूंजने वाले ये पार्क अब गंदगी और असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बन गए हैं।

वार्ड 18 की पुष्पवाटिका और वार्ड 14 अटल आवास के पास बना पार्क, दोनों ही जगह सफाई का नामोनिशान नहीं है। पुष्पवाटिका के चारों ओर डिस्पोजल गिलास, पानी के पाऊच बिखरी पड़ी हैं। हाल ये है कि पार्क से ज्यादा शराबखाने का नज़ारा लगता है। वहीं अटल आवास पानी टंकी परिसर में सामने की ओर तो साफ सफाई है लेकिन जहां बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले लगाए गए हैं, वह जंगली झाड़ियों से घिरा हुआ है। पुष्पवाटिका में बने आपन जिम भी शो पिस बनकर रह गया है। लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए पुष्पवाटिका को अगर ऐसी ही उपेक्षा झेलनी है, तो विकास के सारे दावे सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह जाएंगे।




### स्टेडियम का मुख्य द्वार भी जर्जर

जामुल कॉलेज के पास बना स्टेडियम अब जर्जर हालत में पहुंच चुका है। कभी खेल प्रेमियों और विद्यार्थियों की गतिविधियों से गुलजार रहने वाला यह मैदान अब लापरवाही की तस्वीर बन गया है। मुख्य द्वार जर्जर हो चुका है। गेट पर लगाए गए मॉडल और सजावटी हिस्से भी खंडहर में बदल चुके हैं। गेट हमेशा खुला रहने से अब यहां मवेशियों का जमावड़ा बना रहता है। मैदान में जगह-जगह गोबर, गंदगी और झाड़ियां फैली हैं।







### शराब पार्टी का ठिकाना बनी पुष्पवाटिका

लोगों का कहना है कि यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। शाम होते ही पार्क शराब पार्टी का ठिकाना बन जाता है, जिससे स्थानीय लोग और परिवार पास भी नहीं फटकते। दिन में भी लोग जाम झलकाते हुए नजर आते हैं। कभी-कभार प्रेमी युगल तो दिख जाते हैं, लेकिन आम नागरिकों के लिए ये जगह अब असुरक्षित हो चुकी है। आम जनता अब यही उम्मीद कर रही है कि जामुल नगर पालिका प्रशासन निंद से जागे और इन पार्कों की हालत सुधारने की दिशा में तुरंत कदम उठाए।

## 8 को देवांगन नाइट, सामाजिक प्रतिभाओं को मिलेगा मंच



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

■ नृत्य, गायन, वादन सहित चित्रकला, निबंध लेखन, रंगोली, प्रतियोगिता का आयोजन भी

देवांगन जन कल्याण समिति के तत्वावधान में 8 नवंबर को देवांगन नाईट सांस्कृतिक समारोह का भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य देवांगन समाज की प्रतिभाओं को बड़ा मंच प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित और सम्मानित करना है।

यह निर्णय समिति की बैठक में लिया गया। देवांगन जन कल्याण समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि इसके तहत अनेक आकर्षक कार्यक्रम एवं विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में देवांगन समाज के उत्थान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट जनों को पुरोधाओं के नाम से अलंकरण सम्मान प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि समिति के सांस्कृतिक विभाग द्वारा नृत्य प्रतियोगिता-एकल, युगल एवं समूह वर्ग में, गायन प्रतियोगिता-एकल, युगल एवं समूह वर्ग में, वादन प्रस्तुति- कोई भी वाद्ययंत्र का वादन, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा कला विभाग द्वारा विद्यार्थियों हेतु निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, बालिका एवं महिलाओं हेतु रंगोली व मेंहदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सभी वर्गों के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर समिति के महिला सशक्तिकरण एवं कुटीर उद्योग विभाग द्वारा समाज की महिलाओं द्वारा अपने उत्पादों की प्रदर्शनी सह बिक्री का स्टाल लगाया जाएगा। इस संबंध में देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई की बैठक में देवांगन नाईट के आयोजन को सफल बनाने हेतु जिम्मेदारियां दी गई। बैठक में विनोद देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, टेसू राम देवांगन, रेशमलाल देवांगन, त्रिलोक देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, दयाराम देवांगन, जितेन्द्र बांकुरे, होमलाल देवांगन, गोवर्धन देवांगन, राजेन्द्र लिमजे, भवन प्रभारी सत्यपाल देवांगन, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी रामगोपाल देवांगन, मंदिर प्रभारी राजू देवांगन, खेल प्रभारी हेमकैलाश देवांगन आदि मौजूद थे।

# धान-खरीदी की व्यवस्था बेहतर हो जिम्मेदार अफसर करें निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

■ संभाग आयुक्त ने ली संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक

संभाग आयुक्त सत्यनारायाण राठौर ने संभाग आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। आयुक्त सहकारी संस्थाएं को निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा लिये गए निर्णय के अनुसार 15 नवंबर 2025 से धान खरीदी प्रारंभ होने जा रही है। दुर्ग संभाग के अंतर्गत सभी धान उर्पाजन केन्द्रों में धान खरीदी की व्यवस्था बेहतर हो, यह सुनिश्चित किया जाए। धान खरीदी के दौरान सहकारिता विभाग के सभी जिला पंजीयक एवं सहायक पंजीयक सहित अन्य अधिकारी दायित्वों का निर्वहन बेहतर ढ़ंग से करें। सहकारी समितियों एवं धान उर्पाजन केन्द्रों में धान बिक्री करने पहुंचे किसानों के लिए ठहरने, पेयजल एवं विश्राम आदि की व्यवस्था का समुचित प्रबंध हो।

संभाग आयुक्त श्री राठौर ने निर्माण कार्य एजेंसी विभागों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने कहा। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर के निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की शिकायतें नहीं आनी चाहिए। निर्माण कार्य एजेंसी आरईएस द्वारा पंचायतों में बनाए जा रहे महतारी सदन निर्माण के लिए गांव में उर्पयुक्त स्थान का चयन करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला मुख्यालय दुर्ग में नव निर्मित बालक एवं कन्या छात्रावास को संबंधित महाविद्यालयों को शीघ्र हैण्डओवर करने तथा सड़क मरम्मत के कार्यों को प्राथमिकता देने अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सीजीएमएससी द्वारा कराए जा रहे कार्यों में प्रगति लाने कहा। संभाग आयुक्त ने विभागों में लंबित समय-सीमा के कार्यों की भी समीक्षा की और समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिए।



### उपार्जन केंद्रों में संसाधनों की हो व्यवस्था

संभाग स्तरीय अधिकारी जिलों के क्षेत्र भ्रमण के दौरान धान उर्पाजन केन्द्रों का निरीक्षण कर उपार्जन केन्द्रों में पहुंचे किसानों से संपर्क व रू-ब-रू चर्चा कर खरीदी व्यवस्था के संबंध में प्रतिक्रिया लेवें। यदि किसानों को किसी प्रकार की समस्या हो तो अधिकारी तत्काल संभाग आयुक्त को अवगत कराएं।

### एसआईआरः शैक्षणिक व्यवस्था न हो प्रभावित

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान संभाग आयुक्त श्री राठौर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ के रूप में लगाई गई है। इस व्यवस्था से स्कूलों में शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने संयुक्त संचालक शिक्षा को इस अवधि में स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।

# धान उपार्जन, सिकलसेल, शिक्षा और राजस्व कार्यों की समीक्षा



दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का पोर्टल खुलने से पहले पुनः सत्यापन सुनिश्चित करें और इसके लिए कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने बताया कि ई-ऑफिस प्रणाली के सुचारू संचालन हेतु 6 नवम्बर को प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस दौरान अधिकारी अपने सभी संदेहों का समाधान कर सकते हैं।कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों, पटवारी से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के लिए स्पायरो पोर्टल के अनिवार्य उपयोग के निर्देश दिए।

### किसानों को शीघ्र मिले मुआवजा, निर्देश


बैठक में उन्होंने बताया कि 400 केवी पावरग्रिड से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा वितरण सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सभी एसडीएम को निर्देश जारी किए गए हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में कलेक्टर ने कहा कि जिन मतदाताओं का सूची से मिलान हो गया है, उनकी प्रविष्टि बीएलओ एप के माध्यम से तत्काल करवाई जाए। इसके लिए विश्वास पात्र ऑपरेटर की ड्यूटी लगाकर उनकी मॉनिटरिंग भी की जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में कलेक्टर ने सिकलसेल परीक्षण और वय वंदना कार्ड की स्थिति की जानकारी ली।

### कोड़िया में स्वच्छता मुहिम जारी

अंडा। स्वच्छ ग्राम स्वास्थ्य जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर ग्राम कोडिया के युवा सरपंच खुमान निषाद व समस्त पंच गण और ग्रामीण जनों के सहयोग से ग्राम कोड़िया में स्वच्छता पर विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इस मुहिम के तहत गांव के सभी कूड़ा करकट हो सफाई कर उसी जगह में फेंसिंग कर मिनी गार्डन जैसा फूलों का बाग तैयार किया जा रहा है।सरपंच खुमान निषाद ने बताया कि स्वच्छता शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, जो हमें बीमारियों से बचाती है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# श्री गुरुनानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व की लख लख बधाईयां

सिक्ख धर्म के बानी श्री गुरू नानक देव जी जिनका पर्व आज मनाया जा रहा है, न केवल सिक्खों के अपितु पूरी दुनिया के रहबर, पैगम्बर और रहनुमा थे। उनकी शिक्षा पूर्णतः वैज्ञानिक सोच पर आधारित है। आज संसार भ्रूण हत्या, प्रदूषण, भ्रष्टाचार, स्त्री जाति का निरादर, चरित्रहीनता आदि समस्याओं का सामना कर रहा है इनका हल और इनके प्रति जागरूकता ही उनकी शिक्षा का मूल रूप है जो श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी में दर्ज है गुरू साहिब द्वारा अत्याचारी राजाओं के सिंह कहना, सो क्यों मंदा आखीये जित जम्मे राजान, सच्चों उत्ते सब को ऊपर सच आचार, बलिहारी कुदरत वस्सेआं, काजियों द्वारा रिश्वत लेकर न्याय करना आदि उनकी वाणी के ऐसे उदाहरण हैं जो आज की परिस्थितियों में बहुत जरूरी और न्याय संगत है। उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं पर चल कर ही हम उनके जन्म दिन को महत्व दे सकते है।

STAR BATTERIES & SERVICES
Car scanning EPS/ECM/BCM modules available
Contact for all type of Batteries & Repairing of Self Stater, Alternator Meter Calibration
INDERJEET SINGH
Lucas TVS EXIDE DENSO BOSCH Valeo
G.E. Road, Supela, Infront of Adarsh Petrol Pump
Near Kamla Medical Store, Bhilai
Mob. : 98271-09188 Tel.: 0788-4218236

श्री गुरुनानक देव जी के
556वें प्रकाश पर्व
की लख् लख् बधाइयाँ
गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा
गुरुनानक नगर, भिलाई
गुरुनानक डेफोडील स्कूल
नर्सरी से कक्षा 10वीं तक
गुरुनानक नगर, भिलाई, फोन. :0788-4013131



श्री गुरू नानक देव जी
के 556वें प्रकाश पर्व
पर लख् लख् बधाइयाँ
CCM
SUKHCHAIN SINGH
CENTRAL CARGO MOVERS
Fleet owner & Transport Contractor
spl.: O.D.C., Equipment & Crane Service
H.O.: Plot No.1, Block No.46/F.T.P. Nagar, Hathkhoj, Bhilai
Ph.: 0788-2285075, 2285076, 2285585, Fax: 0788-2285580
B.O.: Gondwara, Ring Road No.-2, Raipur
Ph.: 0771-2323332, 2325557

गुरुनानक जयंती
के प्रकाश पर्व
की लख्-लख् बधाईयां...
KHALSA PUBLIC HIGHER SECONDARY SCHOOL
KHALSA COLLEGE
MANAGEMENT COMMITEE & KHALSA EDUCATION SOCIETY
NEAR JAIL PARISAR, OPPOSITE R.T.O. OFFICE, DURG
KHALSA EDUCATION SOCIETY
KHALSA SCHOOL MANAGEMENT COMMITEE

## गुरुनानक देव जी का जीवन दर्शन

सिख धर्म के दस गुरुओं की कड़ी में प्रथम हैं गुरु नानक। गुरु नानकदेव से मोक्ष तक पहुंचने के एक नए मार्ग का अवतरण होता है। इतना प्यारा और सरल मार्ग कि सहज ही मोक्ष तक या ईश्वर तक पहुंचा जा सकता है।

भारतीय संस्कृति में गुरु का महत्व आदिकाल से ही रहा है। कबीर साहब ने कहा था कि गुरु बिन ज्ञान न होए साधु बाबा। तब फिर ज्यादा सोचने-विचारने की आवश्यकता नहीं है बस गुरु के प्रति समर्पण कर दो। हमारे सुख-दुख और हमारे आध्यात्मिक लक्ष्य गुरु को ही साधने दो। ज्यादा सोचोगे तो भटक जाओगे। अहंकार से किसी ने कुछ नहीं पाया। सिर और चप्पलों को बाहर ही छोड़कर जरा अदब से गुरु के द्वार खड़े हो जाओ बस। गुरु को ही करने दो हमारी चिंता। हम क्यों करें।

1521 तक इन्होंने भारत, अफगानिस्तान, फारस और अरब के प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया। कहते हैं कि उन्होंने चारों दिशाओं में भ्रमण किया था। लगभग पूरे विश्व में भ्रमण के दौरान नानकदेव के साथ अनेक रोचक घटनाएँ घटित हुईं। 1539 में उन्होंने देह त्याग दी।

**नाम धरियो हिंदुस्तान :** कहते हैं कि नानकदेवजी से ही हिंदुस्तान को पहली बार हिंदुस्तान नाम मिला। लगभग 1526 में जब बाबर द्वारा देश पर हमला करने के बाद गुरु नानकदेवजी ने कुछ शब्द कहे थे तो उन शब्दों में पहली बार हिंदुस्तान शब्द का उच्चारण हुआ था।

**गुरुनानक जी का दर्शन :** नानकदेव क्या थे और नानक का दर्शन क्या था? ये सब निरर्थक बातें हैं। नानक के व्यक्तित्व में सभी गुण थे। नानकदेवजी ने रूढ़ियों और कुसंस्कारों के विरोध में सदैव अपनी आवाज बुलंद की। संत साहित्य में नानक अकेले चमकते सितारे हैं। कवि हृदय नानक की भाषा में फारसी, मुल्तानी, पंजाबी, सिंधी, खड़ी बोली, अरबी, संस्कृत और ब्रजभाषा के शब्द समा गए थे।

श्री गुरूनानक देव जी के
556 वें प्रकाश पर्व की लख्-लख् बधाईयां
ओम ज्वेलर्स
गोल्ड | डायमंड | सिल्वर
916(22c), 833(20c), 750(18c) ऑल वैरायटी उपलब्ध
हर 10,000/- की खरीदी पर चांदी की मुर्ति फ्री
हॉलमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
कल्पना से परे.. दुल्हन ज्वेलरी
रानी हार, कुंदन ज्वेलरी, चुड़ी सेट, माथे का टीका
कमरबंद, अंगुठी, बालिया, बाजुबंद, पायल, झुमका
नेकलेश व हालमार्क की सभी ऑल वैरायटी उपलब्ध
जितना ग्राम सोना लेने पर उतना ही ग्राम चाँदी बिल्कुल फ्री
ज्वेलरी की रिपेयरिंग में त्वरित सेवायें हमारे द्वारा पायें
1 किसी भी जेवर का भुगतान घर से करने की सुविधा
2 चेक पेमेंट सुविधा
3 ऑल कार्ड ऑनलाईन पेमेंट भुगतान करने की सुविधा
बाजार चौक, कुम्हारी | पावर हाउस, भिलाई | 64 बी, इंदिरा मार्केट, दुर्ग

श्री गुरूनानक देव जी के
556 वें प्रकाश पर्व की
लख् लख् बधाईयां
विनित :
गुरूनानक इंग्लिश सीनियर सेकण्डरी स्कूल एजुकेशन कमेटी एवं श्री गुरूसिंघ सभा
सेक्टर-6, भिलाई

AVTAR OPTICAL CO.
Since-1990
BUY 1 GET 1 ON INTERNATIONAL LENSES
UPTO 40% OFF
ON WIDE RANGE OF FRAMES, SUNGLASSES AND CONTACT LENSES
FEATURED BRANDS
Since-1990
AVTAR OPTICAL CO.™
Polsay Para Square, Station Road, Durg, Contact : 0788-4901635
Opp. Uttam Talkies, Nandini Road, Power House, Bhilai, Ph : 0788-4701649
Opp. Jhalak Sector-6, "A" Market, Bhilai Nagar, Ph. : 0788-2284340
FEATURED BRANDS

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 5 नवंबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129





आकाशदीप जलाकर माता लक्ष्मी का आह्वान

लाइव इवेंट

## सेक्टर स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता में 7 टीमों ने किया अपने कौशल का प्रदर्शन



**भिलाई।** सेक्टर स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग द्वारा किया गाया। प्रतियोगिता में कुल 7 टीमों ने सहभागिता कर उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजन कुमार दुबे चेयरमेन शैलदेवी एजुकेशनल सोसायटी ने सरस्वती पूजन कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए क्योंकि खेल जीवन का अंग है। खेल में न जीत का अहंकार हो और ना ही हार की निराशा, सदैव खेल भावना से प्रेरित होकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करें।

- खेल में न जीत का अहंकार हो और ना ही हार की निराशा

प्रतियोगिता के दिनभर चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय दिया। वहीं इस प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।संचालन में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, खेल अधिकारी, छात्र-छात्राएँ एवं सहयोगी स्टाफ का विशेष योगदान रहा। मुख्य अतिथि ने विजेता शा. डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर गर्ल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग और उपविजेता कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई टीम को पुरस्कृत किया और राज्यस्तरीय महिला वॉलीबॉल टीम के लिए चयनित सभी 12 प्रतिभागियों में कोमल, दीप्ति, रेखा, भोमिता, अमरप्रीत कौर, जयंती बाग, पायल नायक, नंदनी, पुष्पा, मोनिका, कृतिका रेड्डी और चेष्ठा को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



सिटी इवेंट

## गौरा गौरी पूजन की झांकी, नारी की महिमा का चित्रण कर किया सुआ नृत्य, हुआ दिवाली सैलिब्रेशन



**भिलाई।** निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में दिवाली मिलन समारोह कबीर आश्रम और क्षेत्रीय साहू मित्र सभा मॉडल टाउन नेहरू नगर भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में अतिथि ट्रस्टी अध्यक्ष आत्माराम साहू, डॉ हीरालाल साहू और संस्था प्रमुख गौकरण लाल साहू, साहू मित्र सभा भिलाई अध्यक्ष खेद राम साहू के साथ ही अन्य पदाधिकारी तथा महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डॉ दीनदयाल साहू ने बताया कि अपनी परम्परा को बनाए रखने के लिए क्षेत्र की प्रतिभाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसमें लक्ष्मी पूजा की रात्रि होने वाले गौरा गौरी पूजन की झांकी, नारी की महिमा का चित्रण करते सुआ नृत्य और राउतों का प्रमुख आयोजन मड़ई की भी संगीतमय जीवंत प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही बच्चों ने भी आकर्षक नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस बीच आश्रम परिसर को दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। अंचल की प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन का अच्छा अवसर मिला। कार्यक्रम में विलुप्त होती संस्कृति को आगे लाने का प्रयास के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में कबीर आश्रम ट्रस्टी प्रबंधन समिति के पदाधिकारी और सदस्य, महिला और युवा प्रकोष्ठ तथा क्षेत्रीय साहू मित्र सभा के पदाधिकारी, सदस्य, महिला और युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन उर्मिला साहू और आभार प्रदर्शन लाल साहू ने किया।

## उत्कल सांस्कृतिक परिषद जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 में आज, 1100 दीपदान कर मनायेंगे देव दिवाली



**भिलाई।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर उत्कल सांस्कृतिक परिषद जगन्नाथ मंदिर सेक्टर 6 भिलाई नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीहरि कीर्तन नाम यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार की शाम 5 बजे कलश यात्रा निकाली गई। बुधवार को 5 नवंबर की सुबह 7 बजे से नाम यज्ञ हरि कीर्तन प्रारंभ किया जाएगा। दोपहर 12.30 बजे से 3 बजे तक महा प्रसाद भंडारा का वितरण किया जाएगा। शाम 6 बजे मंदिर प्रांगण में 1100 दिए का दीपदान कर देव दीपावली मनाई जाएगी। शाम 6.30 बजे जगन्नाथ महाप्रभु की महाआरती की जायेगी। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित भंडारे में भक्त चावल, दाल, घी ,दूध, सब्जी आदि का दान कर सकते है। जगन्नाथ मंदिर समिति ने सभी भक्तों को परिवार सहित आयोजन में उपस्थित होने अपील की है।

### छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती वर्ष में तीन दिवसीय कत्थक तरंग का समापन

# गुरु, कलाकार और शिष्यों की साधना से सजे तरंगोत्कर्ष उत्सव में कलाकारों ने दी प्रस्तुति, ताल और संस्कृति का नजर आया संगम



भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर तेहाइ डांस एकेडमी भिलाई द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव "कत्थक तरंग" का समापन कार्यक्रम। सुर, ताल और लय की सुंदर साधना से सराबोर रहा। इस दौरान घुंघरुओं की आवाज और तबले की थाप से परिसर गूंज उठा। अंतरराष्ट्रीय नृत्यांगनाओं की लय, ताल और भावों की इस संगत ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया। तीन दिवसीय इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य की गंभीर साधना और लोकनृत्य की सहज आत्मा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों दवरा दीप प्रज्वलन कर की गई। जिसके बाद स्वाति सेनगुप्ता द्वारा राज्य गीत "अरपा पैरी के धार" की मधुर प्रस्तुति ने वातावरण को भक्ति, स्वाभिमान और सांस्कृतिक गौरव से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओए अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन केवल नृत्य की साधना को नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक अस्मिता को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सेतु बनते हैं। कार्यक्रम का संचालन सुभाष साहा और श्रौति साहा ने त्रिभाषीय शैली छत्तीसगढ़ी, हिंदी और अंग्रेजी में सौम्यता, गरिमा और भावपूर्ण शब्दों के साथ से किया। जिसे सभी दर्शक कार्यक्रम में बंधे रहे।





### लोकनृत्य से दिया संस्कृति की जीवंतता का परिचय

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत शिवशक्ति डांस अकादमी की छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य प्रस्तुति से हुई, जिसने मंच को उल्लास और उमंग से भर दिया। पारंपरिक वेशभूषा, ताल की झंकार और समूह की एकरूपता ने लोक संस्कृति की जीवंतता का सुंदर परिचय कराया। इसके पश्चात अमृता सान्याल की कथक परिचयात्मक प्रस्तुति ने शास्त्रीयता और सौंदर्य का संतुलित संगम प्रस्तुत किया।

### अंतरराष्ट्रीय नृत्यांगनाओं ने की संगत

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त नृत्यांगना एवं गुरु कोलकाता की देबश्री मुखर्जी, देबद्रीता मुखर्जी कोलकाता और भिलाई की अमृता सान्याल की संगत की प्रस्तुतियां रही। कार्यशाला के प्रतिभागियों का सामूहिक नृत्य दर्शकों को सुर, लय और भाव की अनुपम यात्रा का अनुभव कराया। समापन सत्र में गुरु सम्मान सहित सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।



### सुर, ताल और भाव की साधना का शेयर किया अनुभव

इस अवसर पर अमृता सान्याल ने गुरु देबश्री मुखर्जी आभार व्यक्त करते कार्यशाला के सफल बताया। मुख्य सलाहकार बबलू विश्वास ने कहा सुर, ताल और भाव की इस साधना ने यह सिद्ध किया कि नृत्य केवल अभिव्यक्ति नहीं, आत्मा की अनुभूति है। आयोजन के सहयोगी तुहीनाद्री सान्याल ने कार्यशाला भिलाई की कलात्मक चेतना को नई ऊचाई प्रदान करने वाला प्रेरक अनुभव बताया। आयोजन समिति के शांतनु दासगुप्ता ने कहा कि वरिष्ठ कलाकारों की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई है। कार्यशाला के दौरान सीनियर कलाकारों ने यह संदेश दिया कि जब गुरु, कलाकार और शिष्य एक मंच पर साधना में एकाकार हो जाते हैं तभी कला और सांस्कृतिक विरासत जीवंत रहती है।



### कलाकारों को किया प्रोत्साहित

इस अवसर पर सांईधाम कुम्हारी के बाबा, वरिष्ठ रंगकर्मी एवं शासकीय विद्यालय प्राचार्य सुचिता मुखर्जी, शिक्षाविद चिरंजीव जैन, एम जी एम स्कूल प्राचार्य टी. एंटन जैकब, वरिष्ठ कलाकार चंदन रक्षित, शासकीय विद्यालय प्राचार्य सौमेन कुंडु, ई. टी. सतीशन, दीपेन्द्र हलदार, बिश्वजीत सरकार, रवीन्द्र कर्मकार, संचिता रॉय, सरिता श्रीवास्तव, डॉ. राखी रॉय, मौऊ रॉय, चैती पॉल, रवीन्द्र पॉल, शर्मिष्ठा नंदी, महेन्द्र ठाकरे, भारतभूषण परगनिहा, गोकुल वर्मा, भावना उपाध्याय, चारु श्रीवास्तव, रोहित रेड्डी, डॉ. सुनीता भट्टाचार्य सहित शहर के अनेक वरिष्ठ और ख्यातिनाम कलाकार उपस्थित रहे।

## कत्थक नृत्य से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध, सृष्टि ने रजत महोत्सव में बिखेरी कला की छटा

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय रजत महोत्सव समारोह के दूसरे दिन भिलाई हुडको निवासी सृष्टि बिस्वास ने अपनी कथक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी भावपूर्ण और लयबद्ध प्रस्तुति ने समारोह में उपस्थित सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा और खूब सराहना बटोरी। सृष्टि बिस्वास ने अपनी कला के प्रदर्शन से एक बार फिर साबित कर दिया कि वह नृत्य जगत की एक उभरती हुई प्रतिभा हैं। सुशांत बिस्वास और सुनीता बिस्वास की पुत्री सृष्टि इससे पहले भी कई प्रतिष्ठित महोत्सवों और नृत्य प्रतियोगिताओं में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुकी हैं। उनकी प्रस्तुतियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी काफी सराहना मिल चुकी है। सृष्टि बिस्वास को कला के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कई महत्वपूर्ण सम्मानों से नवाजा जा चुका है, जिनमें कला रत्न अलकरण, नृत्य इलामयिल, प्रणवम



प्रतिभा अवार्ड और नवोदित प्रतिभा सम्मान शामिल हैं।राज्य स्थापना दिवस के इस विशेष अवसर पर सृष्टि का यह प्रदर्शन दुर्ग-भिलाई क्षेत्र के लिए गौरव का विषय रहा।



## स्थापना दिवस पर छत्तीसगढ़ महतारी को किया याद

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर एकता सेवा जन कल्याण समिति, सेक्टर-2 के तत्वावधान में तालाब परिसर में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 3 और समिति सदस्यों ने छत्तीसगढ़ महतारी की आराधना करते हुए प्रदेश की समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में साधना सिंह, नोमिन साहू , सुरेश वर्मा , कृष्णा पात्रे, राधा मिश्रा, निशा गिरी,वीणा सोनवानी, प्रमोद प्रभाकर, सज्जाद हुसैन, कांग्रेस लोकसभा प्रभारी सौरभ मिश्रा, हरीश सिंह,बसंत साहू , अभिषेक अवस्थी, निखिल सिंह, अमित श्रीवास्तव, देवेंद्र उइके मौजूद थे।

## विश्व सैक्सोफोन दिवस कल, तीन राज्यों के सैक्सोफोनिष्ट मधुर धुनों की देंगे प्रस्तुति

**भिलाई।** ट्विनसिटी भिलाई के कला मंदिर में 6 नवंबर विश्व सैक्सोफोन दिवस के अवसर पर शाम साढ़े 6 बजे से आयोजित साज की आवाज एवं संगीतमय संध्या में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के प्रसिद्ध सेक्सफोनिस्ट सैक्सोफोन पर संगीतमय धुनों पर शानदार प्रस्तुति देंगे।

- भिलाई के कलामंदिर में 6 नवंबर को होगा आयोजन

छत्तीसगढ़ मंच के संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा, अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी, कोषाध्यक्ष गुलाब चौहान ने बताया कि ऑफिसर्स एसोसिएशन भिलाई इस्पात संयत्र, छत्तीसगढ़ मंच एवं दुर्ग सांस्कृतिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित साज की आवाज एवं संगीतमय संध्या में प्रसिद्ध सेक्सफोनिस्टो द्वारा सैक्सोफोन की धुन पर शानदार संगीतमय प्रस्तुति से भिलाई वासियों का दिल जीतेंगे। कार्यक्रम में नरेंद बंछोर, इंद्रजीत सिंग, कैलाश जैन बरमेचा, डॉ मानसी गुलाटी, अशोक राठी, रामफल शर्मा, बंटी और बृजेश शर्मा शामिल होंगे।

म्यूजिक डायरेक्टर यश यदु टीम के नेतृत्व में भिलाई-दुर्ग वासियों और संगीतप्रेमीयो के लिए साज की आवाज में प्रसिद्ध सेक्सफोनिस्ट अनिल केमें, लिलेश कुमार, परेश लोखंडे महाराष्ट्र, राजन वंशकार मध्य प्रदेश, प्रमोद केमे, आदर्श केमे अपनी हंगामेदार एवं यादगार प्रस्तुति से संगीतप्रेमियो का दिल जीतेंगे।

कार्यक्रम का संचालन तुलसी सोनी करेंगे। कार्यक्रम साज की आवाज में सैक्सोफोन के साथ साथ संगीतमय गीतों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। जिसमें छत्तीसगढ़ की गायिका पूर्वा श्रीवास्तव, नागपुर के गायक शकील अपनी गायकी का जलवा बिखेरेंगे। पुष्पांजलि हिरवानी, श्रीजा दलाल भी गीतों की प्रस्तुति देंगी।

### राज्यस्तरीय गतका प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया साहस, संतुलन और पारंपरिक युद्धकला का कौशल

# तलवार, ढाल और लाठी के साथ गतका प्रतिरक्षा का प्रदर्शन दिखाया साहस, संतुलन और पारंपरिक युद्धकला का कौशल

कार्नर न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू, भिलाई द्वारा आयोजित एकीकृत राज्यस्तरीय गतका खेल प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विश्वेश्वरैया भवन में किया गया। इस अनोखी पारंपरिक सिख मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक और फार्मेसी महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने तलवार, ढाल और लाठी के साथ गतका के पारंपरिक आक्रमण एवं प्रतिरक्षा कौशल का प्रदर्शन किया। पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों में मुकाबले अत्यंत रोमांचक और अनुशासनपूर्ण रहे। निर्णायक मंडल ने प्रदर्शन, गति, संतुलन और तकनीक के आधार पर विजेता खिलाड़ियों का चयन किया। कार्यक्रम में विवि के खिलाड़ियों के अलावा हम चक्र गोविंद के शस्त्र विद्या अखाड़ा एचसीजीके दुर्ग द्वारा गतका खेल के प्रोत्साहन एवं प्रचार प्रसार के लिए गतका खेल के उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. अरूण अरोरा दवरा दीपप्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि गतका केवल एक खेल नहीं, बल्कि भारत की प्राचीन युद्धकला का जीवंत प्रतीक है। इस कला में अनुशासन, आत्मरक्षा और संयम की भावना निहित है। सीएसवीटीयू द्वारा इस परंपरा को तकनीकी शिक्षण संस्थानों में बढ़ावा देना गौरव की बात है। पूरे आयोजन में पारंपरिक संगीत, खेल भावना और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला।



### अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

अंत में विश्वविद्यालय चयन समिति द्वारा सीएसवीटीयू विश्वविद्यालय गतका टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया, जिसमें किरत कौर आरसीईटी भिलाई, मिताली ठाकुर जीपी दुर्ग, देविका साहू आरआईटी रायपुर, अभिषेक कुमार



टंडन सीसीईटी भिलाई, राज चौधरी आरआईटी रायपुर,दिनेश कुमार सीएसवीटीयू यूटीडी , सर्वधाम मीरी सीईसी बिलासपुर का चयन किया गया है जो आगामी अखिल भारतीय एवं पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के खेल अधिकारी, प्रशिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### खेल युवाओं को आत्मरक्षा के साथ मानसिक एकाग्रता सिखाता है

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के निदेशक डॉ. पंकज मिश्रा ने कहा कि गतका खेलों से विद्यार्थियों में साहस, संतुलन और आत्मविश्वास का विकास होता है। यह खेल युवाओं को आत्मरक्षा के साथ-साथ मानसिक एकाग्रता सिखाता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष मत्स्य महासंघ छग नेतराम निषादराज, वरिष्ठ खेल अधिकारी शेषनारायण साहू, विवि टीम चयनकर्ता कोच हरविंदर सिंह एवं राहुल रेड्डी, पर्यवेक्षक वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव, अंपायर व रेफरी अवतार सिंह, हरमीत सिंह, ध्यान सिंह, मनप्रीत सिंह व राहुल रेड्डी, वि वि खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्धाज उपस्थित रहे। समापन में महिला वर्ग में विजेता किरत कौर व देविका साहू को स्वर्ण पदक एवं उपविजेता मिताली ठाकुर व नूरी को रजत पदक, पुरूष वर्ग में विजेता दिनेश चौधरी व राज चौधरी को स्वर्ण पदक एवं उपविजेता सर्वधाम मीरी व अक्षय कुमार को रजत पदक विशिष्ट अतिथि नेतराम निषादराज पूर्व उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा मत्स्य महासंघ छत्तीसगढ़ व विवि खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्धाज दवरा प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## सिटी इवेंट

### छत्तीसगढ़ महतारी का वंदन कर गाया राजगीत, लौह पुरुष की मनाई जयंती





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ी कूर्मि क्षत्रिय समाज भिलाई नगर द्वारा कूर्मि भवन सेक्टर-7 में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ महतारी का वंदन कर राजगीत से की गई। उपाध्यक्ष आत्माराम नायक ने सभी जन को भारत की एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी कूर्मि समाज भिलाई के संस्थापक सदस्यों में जगदीश प्रसाद कौशिक, छत्तीसगढ़ी कूर्मि क्षत्रिय समाज के पूर्व अध्यक्षों से गिरवर कुमार आडिल, पुनीतराम चंद्राकर, वेदराम देशमुख, महिला अध्यक्ष अनिता वर्मा, ईश्वरी वर्मा राजप्रधान दुर्ग राज, अश्वनी चंद्राकर संरक्षक, कूर्मि समाज भिलाई अध्यक्ष संतोष पाटनवार उपस्थित थे। संस्था अध्यक्ष संतोष पाटनवार ने आह्वान किया कि हम सरदार पटेल के आदर्शों और विचारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें और देश के विकास में योगदान देने का प्रयास करें। छत्तीसगढ़ी कूर्मि समाज भिलाई के स्थापना काल से कूर्मि भवन के आधुनिकतम निर्माण तक समर्पण व सहयोग के लिए कूर्मि क्षत्रिय समाज भिलाई द्वारा जगदीश प्रसाद कौशिक, गिरवर कुमार आडिल, पुनीतराम चंद्राकर, वेदराम देशमुख का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पवन चंद्राकर व सचिव अजय वर्मा ने किया। इस अवसर पर रामधनुष चंद्राकर, प्रेमलाल पिपरिया, छम्मन लाल वर्मा, नारायण बर्छिहा, राकेश धुरंधर, दीनानाथ सिंगसर्वा, डॉ गिरधर चंद्रा, देवदत्त कौशिक, मनहरण चंद्राकर, सतानंद चंद्राकर, पुष्पक राज देशमुख, चुरामन दिल्लीवार, रूपा वर्मा, रीना देशमुख, डॉ दुलारी चंद्राकर, अनामिका सिंगसार्वा, लल्ली पाटनवार, राजेश वर्मा, नवनीत हरदेल, हेमंत चंद्रा, दिलीप देशमुख, राजेन्द्र चंद्राकर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सिटी लाइव

### स्व. मित्र लाल गुप्ता के काव्य संग्रह का विमोचन, बिताये पलों को किया याद



**भिलाई।** भिलाई। दुर्ग शहर के पदमनाभपुर स्थित ज्येष्ठ नागरीक संघ के सभागार में स्व मित्र लाल गुप्ता के काव्य संग्रह जीवन पथ का विमोचित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ज्येष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष डॉ मंडरीक, वरिष्ठ साहित्यकार गुलबीर भाटिया, समीक्षक की भूमिका में सरला शर्मा और रवि श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ ममता दानी और डॉ संजय दानी ने किया।कार्यक्रम में गुप्ता परिवार के सदस्य, साहित्यकार और वरिष्ठ नागरिक संघ के सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ ममता दानी ने अपने स्व. पिता के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। डॉ संजय दानी ने जीवन पथ को शायरी के जरिये रेखांकित किया। कार्यक्रम में नागपुर से आये गुप्ता समाज के सदस्य दीपक गुप्ता ने भी स्व .मित्र लाल गुप्ता के व्यक्तितव पर प्रकाश डालते हुए उनके साथ बिताये कुछ खास पलों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। निष्ठा गुप्ता और अनुष्का गुप्ता ने अपने दादाजी द्वारा रचित कविता का पाठ किया।

## धर्म इवेंट

### भगवान शांतिनाथ का अभिषेक कर सिद्ध चक्र महामंडल विधान मंडप में 1028 अर्घ्य किया





■ आज मंगल अभिषेक शांति धारा के बाद विश्व शांति हवन, फिर निकलेगी श्रीजी की पालकी यात्रा

**भिलाई।** सिद्ध चक्र महामंडल विधान पूजन में मंगलवार को दुर्लभमति माता के सत्संग सानिध्य में भक्तों ने उनके अमृत वचनों से मंगल अभिषेक और शांति धारा का आयोजन हुआ। शांति धारा करने का सौभाग्य सोधर्मेंद्र इंद्र ज्ञानचंद महावीर प्रसाद, सोमेश बाकलीवाल, प्रदीप जैन, अनिल जैन, प्रखर जैन, वीशाह, प्रदीप नहर, प्रवीण छाबड़ा, जिनेंद्र जैन, वरुण जैन, संजीव जैन को प्राप्त हुआ। साध्वी दुर्लभमति ने कहा कि आप सभी सिद्ध चक्र महामंडल विधान में जिनेंद्र भगवान की बहुत ही भक्ति भाव के साथ पूजन आराधना करते हुए धर्म लाभ लें। सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र का भाव रखते हुए सभी जीवों से इस विधान पूजन में क्षमा मांगते हुए अहिंसा, संयम और बगैर किसी राग द्वेष के अपना जीवन यापन करें। अपने धर्म की ध्वजा को आगे बढ़ते हुए अपने जैन धर्म के संस्कारों की धर्म शिक्षा को ग्रहण करते हुए अपने संतानों को जैन धर्म की शिक्षा और संस्कार के साथ जोड़कर रखें। भक्तों ने महामंडल विधान मंडप में 1028 अष्टद्रव्य के साथ श्रीफल अर्पण करते हुए विधान मंडप में श्री जी को नमन किया। धनपति कुबेर प्रशांत ममता जैन ने रतन की वर्षा विधान मंडप विधान मंडप में मैना सुंदरी बने इंद्र इंद्राणी के साथ किया। कार्यक्रम में महावीर प्रकाश जैन, अरविंद जैन, विनोद जैन, मुकेश जैन, भागचंद जैन, अनुपम जैन, प्रमोद जैन, संतोष जैन सहित अन्य मौजूद थे। 5 नवंबर की सुबह मंगल अभिषेक शांति धारा के बाद विश्व शांति हवन के साथ श्रीजी की पालकी यात्रा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

● बालाजी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच पहली बार मना डोलोत्सव

# बालाजी और माता श्रीदेवी-भूदेवी को पीतल से बने पालने में झुलाकर मनाया डोलोत्सव, ध्वज स्तंभ के शिखर पर जलाया दीप

**भिलाई।** सेक्टर 5 स्थित बालाजी मंदिर में पंडित गोपालाचारी के नेतृत्व में आराध्य देव बालाजी तथा माता श्रीदेवी-भूदेवी को नवनिर्मित शीशमंडप में स्थापित पीतल से बने पालने में झुलाकर डोलोत्सव मनाया गया। डोलोत्सव को उंजल सेवा के नाम से भी जाना जाता है, जिसमें उत्सव विग्रहों को बड़ी श्रद्धा से झुलाया जाता है। आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में भगवान बालाजी को समर्पित इस अनुष्ठान के आंध्र समाज के कई लोग साक्षी बने। मंदिर में पहली बार डोलोत्सव आयोजित होने से आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हुए। नादस्वरम की गूंज के बीच वैदिक विधिविधान से भगवान बालाजी को उनकी जीवनसंगियों श्रीदेवी-भूदेवी के साथ झूले पर बिठाने से शीशमंडप में उनकी असंख्य छवियां प्रतिबिंबित हुईं, जिनका दर्शनलाभ भारी संख्या में मौजूद भक्तगणों ने लिया। इस अवसर पर नकारात्मकता दूर करने मंदिर परिसर में आकाशदीप को प्रज्वलित कर माता लक्ष्मी का आह्वान किया गया। साथ ही भजन-कीर्तन कर भगवान की स्तुति की गई।







### आकाशदीप जलाकर किया माता लक्ष्मी का आह्वान

पूजा से पहले मंदिर परिसर में आकाशदीप को प्रज्वलित कर माता लक्ष्मी का आह्वान किया गया। दीप प्रज्वलन से पहले विधिविधान से उसकी पूजा-अर्चना और आरती की गई। उसके बाद आकाशदीप को ध्वज स्तंभ के शिखर पर स्थापित किया गया। ऐसी मान्यता है कि कार्तिक मास में इसे दीप्त करने से आसपास का क्षेत्र आलोकित होता है और माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और साथ ही नकारात्मक ऊर्जा भी दूर होती है। पूरे उत्सव के दौरान सरस्वती नादस्वरम वृंद के लक्ष्मीनारायण और लोकराजू ने नादस्वरम और सुरेश ने ढोल पर संगति की, जबकि कर्नाटक शैली की शास्त्रीय गायिका गंटी सरोजा ने अपनी टीम के साथ भगवान की स्तुति में भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया।



### पालने में झुलाकर की उंजल सेवा



आकाशदीप को स्थापित करने के बाद तीनों उत्सव विग्रहों को पालकी में बिठाकर शीशमंडप में लाया गया, जहां खूबसूरत नक्काशी उकेरे गए पालने में रखकर पंडितों ने श्रद्धाभाव से मंत्रोच्चारण के साथ उनकी उंजल सेवा की। शाम को सात बजे शुरू हुई यह सेवा रात दस बजे तक चली। इस दौरान भक्तों का तांता लगा रहा। शीशमंडप को भिलाई के हुनरमंद कारीगरों ने, जबकि पीतल निर्मित भव्य और वजनी पालने को विजयवाड़ा के कुशल कारीगरों ने मूर्त रूप दिया। डोलोत्सव में डोलोत्सव में समिति के अध्यक्ष पीवी राव, सचिव पीएस राव, उपाध्यक्ष बीए नायडु, के सुब्बाराव, कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर, उप कोषाध्यक्ष एनएस राव समेत सभी पदाधिकारी सपरिवार शामिल रहे। इस डोलोत्सव के आयोजन में काफी संख्या में समाज सहित अन्य सामाजिक जन उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के रजत जयंती

# राज्योत्सव में विधिक साक्षरता का दिखा नया स्वरूप नुक्कड़ नाटक में दिखाया न्याय सबके लिए



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के रजत जयंती के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों में उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक महत्वपूर्ण और उत्कृष्ट पहल की। राज्योत्सव परिसर में प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के ध्येय वाक्य "न्याय सबके लिए" की आकर्षक थीम पर विशेष विधिक साक्षरता स्टॉल लगाया गया। यह स्टॉल आमजन को सरल भाषा में कानूनी जानकारी प्रदान करने का केंद्र बिंदु रहा। जिसमें नागरिकों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा द्वारा संचालित बच्चों की समस्याओं से संबंधित व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं, निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, मध्यस्थता, लोक अदालत, बाल अधिकार, वरिष्ठ नागरिक संरक्षण, घरेलू हिंसा से सुरक्षा, बाल विवाह निषेध, नशा मुक्ति आदि कानूनी विषयों के बारे में विस्तार से बताकर उनका मार्गदर्शन किया गया। साथ ही आने वाले लोगो को कानूनी जानकारी युक्त पॉमप्लेट, ब्रोशर एवं परामर्श पर्चे वितरित किए गए, जिससे वे घर जाकर भी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकें।

### नुक्कड़ नाटक बच्चों की समस्याओं पर प्रस्तुति

जागरूकता कार्यक्रम का सबसे प्रभावशाली हिस्सा प्रेरणादायी नुक्कड़ नाटक रहा। जिसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मध्यस्थता केन्द्र दुर्ग, जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के अधिवक्ताओं और प्राधिकरण के पैरालीगल वॉलेंटियर्स द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिला अधिवक्ता संघ के अधिवक्ताओं ने सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्वेच्छा से नाटक में भाग लेकर जनजागरण की दिशा में सराहनीय योगदान दिया। नाटक का केंद्र बिंदु बच्चों में बढ़ती मोबाइल की लत, नशे की प्रवृत्ति, बाल श्रम और बाल अपराध जैसी गंभीर सामाजिक समस्याएं थीं। नाटक के माध्यम से बच्चों को अच्छे संस्कार, शिक्षा एवं कानून की जानकारी का सशक्त संदेश दिया गया। इस दौरान अभिभावकों ने समाज की इस गंभीर चुनौती पर ध्यान केंद्रित करने और अपने बच्चों को सही दिशा देने का संकल्प लिया। राज्योत्सव के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के स्टॉल पर भारी भीड़ उमड़ी।

## पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता

### राष्ट्रीय स्तरीय चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, दुर्ग-भिलाई का रहा दबदबा



**भिलाई।** राष्ट्रीय ईस्ट एंड वेस्ट जोन पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा बूढ़ेश्वर मंदिर बूढ़ा तालाब रायपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें फिटनेस किंग जिम के खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन कर जिले को गौरान्वित किया। मेडलिस्ट खिलाड़ियों में बलजीत सिंह ने सब जूनियर वर्ग पावरलिफ्टिंग बेंचप्रेस एवं डेडलिफ्ट में तीन रजत पदक जीते। अशोक देवांगन ने मास्टर वर्ग पावरलिफ्टिंग बेंचप्रेस एवं डेडलिफ्ट में तीन स्वर्ण पदक जीते। लक्ष्मी देवी ने सीनियर वर्ग बेंचप्रेस में स्वर्ण पदक जीता। सभी खिलाड़ी पिछले कई महीनों से फिटनेस किंग जिम में कोच धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में अभ्यास करते आ रहे है जो कि स्वयं ही कई बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत कर विश्व में अपना ओर भारत का लोहा मनवा चुके हैं। खिलाड़ियों को कोच धर्मवीर सिंह खुद 3 घंटे का अभ्यास करवाते है उनका कहना है कि उनके तैयार किए हुए सभी खिलाड़ी इससे भी अच्छा प्रदर्शन करे और प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करे। खिलाड़ियों के जीत पर डॉ दर्शन सिंह, फतेहवीर सिंह, राजीव शर्मा, प्रशांत दास, निर्भय पांडे, देव कुमार, शोमाभ घोष, प्रियांशु दास, सिमरप्रीत कौर ,सागर दास साहू, नवीन गुप्ता, सतीश पटले, करन दीप सिंह, गव्य देवांगन ने हर्ष जताया और सभी खिलाड़ियो के उज्जवल भविष्य की कामना की।


## गंजपारा के घर-घर में सजी रंगोली, तुलसी विवाह पर हुई प्रतियोगिता

# ज्वलंत मुद्दों पर सैकड़ों प्रतिभागियों ने आंगन में सजाई रंगोली, विजेताओं को मिले ढेरों ईनाम



कार्नर न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग के सत्तीचौरा में गंजपारा में परम्परा अनुसार इस वर्ष भी तुलसी विवाह देवउठनी एकादशी के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गंजपारा ही नही बल्कि पूरे शहर के प्रतिभागियों ने आकर्षित रंगोली बना कर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। गंजपारा में विगत 45 वर्षों से चली आ रही परम्परा अनुसार इस वर्ष भी तुलसी विवाह के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी अपने घर के आंगन और दुर्गा मंदिर सामने के रंगोली सजाई और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।









### ज्वलंत मुद्दों पर बनाई रंगोली

इस वर्ष रंगोली प्रतियोगिता में 100 से अधिक घरों में रंगोली सजाई गई। जिसमें बेटी बचाओं, बेरोजगारी मिटाओ, पेड़ बचाओ, प्रदूषण से मुक्ति संदेश, गौ हत्या और कन्या भ्रूण हत्या बंद सहित पशु पक्षियों की तस्वीर रंगोली के माध्यम से दर्शाया गया। युवा कला मंच के ईशान शर्मा ने बताया कि गंजपारा दुर्ग में यह आयोजन पीढ़ी दर पीढ़ी युवा कराते आ रहे है। सभी के घरों के सामने आंगन में सुंदर एवं आकर्षित रंगोली बनाई जाती है, कुछ कलाकारों द्वारा भी विशेष रंगोली बनाई जाती है, इस आयोजन की जानकारी पूरे शहर को होती है, देर रात तक गंजपारा वासी एक दूसरे की रंगोली देखने जाते रहे। रंगोली प्रतियोगिता की सुबह से प्रतिभागियों ने परिवार के साथ बैठकर अपने आंगन में रंगोली बनाया और शाम 6 बजे निर्णायक विजय जैन, भगत राजपूत एवं नवीन शर्मा ने सदस्यों के साथ प्रत्येक रंगोली को बारीकी से देखते हुए अपना निर्णय संस्था को दिया। प्रतियोगिता में विजेताओं को रात में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम के बाद पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग महापौर अल्का बाघमार, शशि साहू, प्रतिभा सुरेश गुप्ता, सुरुचि उमरे, सावित्री दमाहे, लोकेश्वरी ठाकुर, अजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने महिलाओं बच्चियों को ऐसे आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही।

### विजेताओं ने जीते ढेरों ईनाम

रंगोली प्रतियोगिता प्रथम शोभा गुप्ता, द्वितीय आशा जलतारे, तृतीय भावना साहू, प्रशांत कश्यप, चौथा शिवम गुप्ता, साधना मरकाम, पांचवां नेहा राठी, छठवां आराध्या यादव, सातवां शोभा खंडेलवाल, आठवां श्रेया गुप्ता, नवां दिलीप गुप्ता, दसवें स्थान पर पूजा यादव रही। रंगोली में विशेष पुरस्कार कृष्णा मेडिकल परिवार को दिया गया इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार वितरण कर प्रोत्साहित किया गया।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विशेष रूप से आयोजक समिति के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी, संजय पुरोहित, पिंकी गुप्ता, चेतन जैन, सुरेश गुप्ता, राजू पुरोहित, मनोज गुप्ता, प्रकाश सिन्हा, मनीष सेन, विवेक मिश्रा, मनोज शर्मा, विकाश पुरोहित, ऋषि साहू, सूजल शर्मा, मोहित पुरोहित, रिषी गुप्ता, आशीष मेश्राम, वाशु शर्मा, अनमोल पांडेय सहित काफी संख्या में गंजपारा वासी उपस्थित थे।

# दो वर्ष से अधूरा पड़ा गांव का शौचालय, जिम्मेदारों ने नहीं ली सुध

**अधूरे शौचालय के भुगतान की एक किश्त जारी हो चुकी ठेकेदार को, उठ रहे सवाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

एक तरफ शासन-प्रशासन सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण को लेकर गंभीर है तो दूसरी तरफ जिम्मेदार शासन-प्रशासन स्वच्छ भारत मिशन के स्लोगन के नीचे गांव गांव ओ डी एफ होने का अपनी ढपली अपनी राग अलाप कर मुहिम को अंगूठा दिखा रहे हैं। ऐसा ही मामला विकास खंड दुर्ग क्षेत्र ग्राम पंचायत आमटी के आश्रित ग्राम मासाभाट का मामला है। यहां लगभग दो वर्ष पूर्व सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए तकरीबन साढ़े तीन लाख की राशि से गांव में स्वीकृत हुआ, लेकिन पूर्व कार्य काल में स्वच्छता को लेकर जिम्मेदार पंचायत के जनप्रतिनिधि और ठेकेदार की लापरवाही व जिम्मेदार अधिकारियों की सुरसा नीति के कारण लाखों रूपये का अधूरा शौचालय खंडहर में तब्दील होने के कगार पर है, कई सवालिया निशान उठ रहे हैं। अधूरे शौचालय की एक किश्त भी जारी कर ठेकेदार को लाभ दे दिया गया। जबकि ठेकेदार आमटी की भी राशि मिल गई है लेकिन अब भी यह सार्वजनिक शौचालय अधूरा पड़ा है। गांव के लोग अधूरे शौचालय को लेकर सवाल कर रहे हैं। वही स्वच्छ भारत मिशन दांत चिढ़ा रहा है

दो वर्ष पूर्व शौचालय अधूरे शौचालय न तो में दरवाजे लगाए गए हैं और न पेंटिंग का कार्य हुआ है। वाटर सप्लाई व्यवस्था भी दुरुस्त व ढलाई भी नहीं हुई है। इसके अतिरिक्त भी कई कार्य अब भी शौचालय में अधूरे हैं। जब गांव के लोग अधूरे शौचालय को लेकर जिम्मेदारों से सवाल जवाब करते हैं तो उन्हें चुप करा दिया जाता है। ऐसे में गांव को स्वच्छ बनाने की मुहिम शौचालय के अधूरे रहने से सवालों के घेरे में है। लोगों का कहना है कि जब से शौचालय के मद में धन की निकासी हुई है, तब से दो ग्राम पंचायत सचिव बदल चुके हैं। उसके बाद भी विकास खंड के जिम्मेदार शौचालय निर्माण पूरा कराने में तत्पर नजर नहीं आ रहे हैं। वही पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत आमटी सरपंच घनश्याम साहू ने कहा कि कुछ राशि ठेकेदार को दे दिया है, वही ठेकेदार काम छोड़ के चला गया है।



### सरपंच करेंगी कलेक्टर से शिकायत

ग्राम पंचायत आमटी के सरपंच दुर्गा चौधरी ने कहा स्वच्छता को लेकर लापरवाही करना ठीक नहीं है, मामले की शिकायत कलेक्टर से करूंगी। वही जनपद सीईओ दुर्ग रूपेश पांडे इस मामले पर जानकारी मांगी गई, लेकिन फोन रिसीव नहीं किया।

## कभी स्वच्छता का मॉडल रहा नगर अब बदबू की राजधानी बन गया

# धमधा की सड़कों पर गंदगी, तालाबों में सड़ांध के चलते नागरिकों का जीना दूभर

**तालाबों का नगर अब गंदगी का पर्याय बना, जिम्मेदार लोगों ने झाड़ा अपना पल्ला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा नगर पंचायत का हाल इन दिनों बेहाल है स्थानीय नगरीय प्रशासन ने स्वच्छता को लेकर पूरे स्वच्छता पखवाड़ा और स्वच्छता सर्वेक्षण जैसी बड़ी बड़ी केंद्रीय योजनाओ का धज्जी उड़ा दिया है। कभी अपनी स्वच्छता, तालाबों की सुंदरता और हरियाली के लिए पहचाने जाने वाला धमधा नगर पंचायत आज कचरे, दुर्गंध और लापरवाही का प्रतीक बन गया है। जहां कभी तालाबों की लहरें नगर की पहचान थीं, वहीं आज प्लास्टिक और सड़ी गंदगी तैर रही है।

नगर पंचायत के सर्वाधिक वार्डों के नली में कचरा भरा पड़ा है, मच्छर और सड़ांध से लोग परेशान हैं। हर साल नाली सहित सफाई कार्यों पर लाखों रुपये खर्च दिखाए जाते हैं,लोगों से कचरा कलेक्शन के नाम पर शुल्क लिया जाता है टैक्स लिया जाता है लेकिन जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था नाम की चीज नहीं है और मूलभूत असुविधाओं की कमी ने आम नगर वासियों का कमर तोड़ दी है। शिकायतकर्ताओं को निशाना बनाया जाता है जिससे लोग बोलने से कतराने लगे है।



### प्रसिद्ध तालाबों की नगरी में तैरते है प्लास्टिक और कचरे

यू तो धमधा अपने 6 आगर 6 कोरी तालाब के नाम से प्रसिद्ध है पूर्व में प्रशासन द्वारा तालाबों के संरक्षण में कई दबे तालाबों का खनन और सफाई किया गया था ऐसा करके तालाबों को संरक्षित करने का कार्य किया गया था। और बकायदा सभी तालाबों को उनके नाम का बोर्ड लगाकर उनका नाम उजागर किया और धमधा की तालाबों की संस्कृति को प्रदर्शित किया गया था। वही इन दिनों पूरे तालाब अब बदहाली की कहानी कह रहे हैं। कचरा, सीवेज और प्लास्टिक बोतलों ने तालाब की सुंदरता निगल ली है। नगर पंचायत की सफाई रिपोर्टें सिर्फ कागजों में चमकती हैं जमीन पर सड़ांध, फाइलों में साफ-सफाई नजर आ रही है

### गार्डन बना शराबियों और मनचलों का ठिकाना

धमधा का एकमात्र सार्वजनिक गार्डन अब उपेक्षा का प्रतीक बन गया है। टूटी बेंचें,जंग लगे झूले,शराबियों और कपल्स का जमावड़ा,बच्चे खेलने से डरते हैं, परिवारों ने पार्क आना बंद कर दिया है। स्थानीयों का कहना "नगर पंचायत ने पार्क को पार्क नहीं, शर्म का अड्डा बना दिया है।"नगर में सभी गार्डन का हाल बेहाल है । कही अतिक्रमण है तो कही सफाई की बदल स्थिति तो कही मनचलों का और गंजेडियो का राज ।

### सीएमओ बोले "गंदगी कहां नहीं है?"

नगर पंचायत के मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम रत्नेश से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा "गंदगी कहां नहीं है? पूरे छत्तीसगढ़ में है।"यह बयान न केवल असंवेदनशील है बल्कि सिस्टम की सड़ांध को भी उजागर करता है। बयान देने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा- "जो करना है करो, मैं कोई बयान नहीं दूंगा।" एक तरफ पूरा जिला प्रशासन दुर्ग कलेक्टर के सीधा निर्देश में शासकीय कार्य का निष्पादन तेजी से करने और आम नागरिकों को सुविधा पहुंचाने पर तेजी से कम किया जा रहा है और दूसरी ओर ऐसे भी अफसर हैं जो, इनसे पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं।

### एक नजर स्वच्छ नगर ,अव्यवस्था नगर तक का सफर

कुछ साल पहले धमधा नगर पंचायत को स्वच्छता अभियान में सम्मान मिला था। तब की प्रशासनिक पकड़ और आज की प्रशासनिक पकड़ पर काफी अंतर है। जगह जगह लोगो को जागरूक कर और कचरा कलेक्शन तमाम सफाई कार्यों पर पूरा प्रशाशन मुस्तैदी से कार्य कर रहा था आज वही नगर कचरे में डूबा है पोस्टरों पर विकास, ज़मीन पर सड़ांध। अगर अब भी नहीं जागे अधिकारी तो आने वाले दिनों में धमधा "तालाबों की नगरी" नहीं, बल्कि"गंदगी की राजधानी" कहलाएगा। देखा जाए कि अब इस पूरे मामले की जिला प्रशासन दुर्ग कलेक्टर कितनी सफाई से इस मामले को साफ करेंगे।

# उतई पाटन मुख्य मार्ग पर गड्ढा, राहगीर हो रहे घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

बस स्टैंड उतई डुमरडीह चौक पर दुर्ग पाटन मुख्य मार्ग पर लगभग एक से डेढ़ फीट का जानलेवा गड्ढा बन गया है जिस रोज कोई ना कोई राहगीर गिर कर घायल हो रहे हैं। इस रोड से बहुत से प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधि का आना जाना लगा रहता है फिर भी किसी का ध्यान इस ओर नहीं है किसी बड़ी दुर्घटना के इंतजार में कुंभकर्णी नींद में है। कांग्रेस शासन काल में पाटन लोक निर्माण विभाग द्वारा यह मुख्य मार्ग पाटन से रिसाली तक सड़क चौड़ीकरण के तहत बनाया गया था। जिम्मेदार अधिकारी द्वारा सड़क का मेंटेनेंस पर ध्यान नहीं देने की वजह से यहां पर डेढ़ फीट का गड्ढा बन गया है प्रत्यक्ष दर्शी हरीश यादव का कहना है कि जब से यहाँ सड़क चौड़ीकरण हुआ है। तब से इस मार्ग पर गाड़ियों का दबाव बढ़ गया है।रोजाना पाटन से दुर्ग जाने वाले दो पहिया और चार पहिया वाहन द्वारा तेजी से वाहन चलाते हुए दुर्ग को बढ़ते हैं और अचानक से बस स्टैंड पर डेट पर गड्ढा आ जाने के के कारण उनका बैलेंस बिगड़ जाता है। और रोजना कोई न कोई गिरकर घायल हो जाते हैं। इसकी जानकारी लेने पाटन लोक निर्माण विभाग के एस डी ओ को फोन लगाने पर फोन नही उठा रहे है।

### बड़ी घटना का कारण बन सकता है गड्ढा

बस स्टैंड उतई डुमरडीह मुख्य चौक होने की वजह से हमेशा यहां पर भीड़ रहती है। इस मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण होने की वजह से छोटी से लेकर बड़ी-बड़ी गाड़ियां तेजी से चलते हुए गुजरते हैं। अचानक से उनके सामने यहाँ गड्ढा आ जाने से उनका बैलेंस बिगड़ जाता है इस वजह से हर वक्त बड़ी घटना का अंदेशा बना रहता है।

## खबर संक्षेप

### महादेव घाट अम्लेश्वर में कार्तिक पुन्नी मेला आज

**पाटन।** नगर पालिका परिषद अम्लेश्वर और राजधानी रायपुर खारून नदी के तट पर बसे हैं। आपको बता दें हटकेश्वर महादेव मंदिर छत्तीसगढ़ के रायपुर में खारून नदी के किनारे महादेव घाट पर स्थित है। यह मंदिर 500 से 600 साल पुराना है और इसे 'मिनी काशी' भी कहा जाता है। इसकी कई मान्यताएं हैं, जिनमें भगवान शिव की स्थापना से जुड़ी एक कहानी है कि वनवास के दौरान लक्ष्मण ने इसकी स्थापना की थी और हनुमान जी ने शिवलिंग को अपने कंधे पर उठाकर लाया था। वर्तमान में खारुन नदी के बीचों-बीच रायपुर और अमलेश्वर को लक्ष्मण झूला बना करके जोड़ दिया गया है। नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के नागरिक सुबह से ही महादेव घाट पहुंचकर खारू नदी में डुबकी लगाते हैं और हाटकेश्वर महादेव के दर्शन कर मनोकामना पूर्ण करते हैं।

### पाटन में श्रीमद भागवत कथा 14 से

**सेलूद।** इंदिरा नगर पाटन निवासी पिन्टु वर्मा व उनके परिवार द्वारा श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 14 नवंबर से किया जा रहा है इस कथा के कथावाचक बालोद गुंडरदेही के पंडित भुपेन्द्र पांडेय होगे । कथा का समय दोपहर 1 बजे से व स्थान बिजली आफिस के पीछे इंदिरा नगर पाटन में होगा। इसमें 14 नवंबर को कलश यात्रा कथा प्रारंभ सुखदेव आगमन 15 नवंबर ध्रुव चरित्र अपिल चरित्र 16 नवंबर राम जन्म कृष्ण जन्म 17 नवंबर बाल चरित्र माखन चोरी 18 नवंबर रुखमणी विवाह 19 नवंबर परीक्षित मोक्ष सुदामा चरित्र चढोत्तरी व शोभायात्रा 20 नवंबर गीता प्रवचन तुलसी वर्षा हवन पुजा मंगलमय समाप्ति होगा।

## निधन

### जय भगवान सिंघल



**भिलाई।** सिंघल बुक डिपो लिंक रोड कैम्प 2 के संचालक एवं सेक्टर 2, सड़क नं. 22 क्वार्टर नं 2 ए निवासी जय भगवान सिंघल का 4 नवंबर को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को उनके निवास स्थान से सुबह 10.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे विनोद, प्रमोद एवं राजेश सिंघल के पिता थे।

### कृष्णा राम साहू



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी निवासी कृष्णा राम साहू (68) वर्ष का निधन मंगलवार को हो गया। वे अपने भरा पुरा परिवार को छोडकर चले गये। वे कुमारी साहू के पति व राजू लाल साहू भूपेंद्र साहू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम चिंगरी के मुक्ति धाम में किया गया।

### जीडी कौशल



**दुर्ग।** सेवानिवृत प्राचार्य एलआईजी 266 पद्मनाभपुर निवासी जीडी कौशल (86 वर्ष) का निधन मंगलवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को दोपहर 3 बजे निवास स्थल से शिवनाथ मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे चंद्रकांता कौशल के पति तथा अनिता शर्मा, सीमा पंडित तथा निधि तिवारी के पिता थे।

### किरण सिपाहा



**भिलाई।** 2ए, सड़क 27, सेक्टर 10 निवासी, भूतपूर्व व्याख्याता किरण सिपाहा 75 वर्ष का निधन 4 नवम्बर को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से 6 नवम्बर को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अविनाश चंद्र सिपाहा की पत्नी थीं।

### केशव प्रसाद शर्मा



**भिलाई।** सेक्टर 6 निवासी पंडित बृजमण्डल सेक्टर 6 हनुमान मंदिर पुजारी एवं रिटायर्ड बीएसपी कर्मचारी केशव प्रसाद शर्मा 82 वर्ष का निधन 3 नवंबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे संजय शर्मा, किरण शर्मा के पिता एवं डिंपी, अदिति, सोमेश के दादा थे।

**बिजनेस साइट**

## बीएम कॉलेज में धूमधाम से मनाया छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव



**भिलाई।** बी. एम. कॉलेज कोलिहापुरी, पुलगांव, दुर्ग में बड़ी धूमधाम से छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस एवं तुलसी पूजा मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय डायरेक्टर बी. साव एवं एम. एल. साव. के कर कामलो से माँ सरस्वती एवं माँ छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पण कर राजकीय गीत के साथ किया गया । महाविद्यालय डायरेक्टर बी. साव. जी ने सभी विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये बतायी की हमें अपने छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहार, रीति रिवाज़, खेलकूद परंपरा को बनाये रखना है । तत्पश्चात महाविद्यालय विद्यार्थियों द्वारा अपने भाषण में छत्तीसगढ़ की स्थापना से लेकर पुरे 25 वर्षों के विकास को बताया एवं छत्तीसगढ़ी की लोक गीत एवं नृत्य सुवा, कर्मा,ददरिया एवं राउत नृत्य के माध्यम से सभी को आकर्षित किये । महाविद्यालय में इस अवसर पर तुलसी पुजा का आयोजन किया गया । सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा विधि विधान से माँ तुलसी जी की पुजा अर्चना किया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया । अंतिम में महाविद्यालय सहा. प्राध्यापक टुकुनी दलाई ने सभी का आभार व्यक्त करते हुये कहा की इस कार्यक्रम में सभी का सहयोग सराहनीय रहा एवं भविष्य में आप सभी से ऐसी ही आशा की जाती है ।

## नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष का किया गया सम्मान



**सेलूद।** तहसील साहू संघ पाटन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालेश्वर साहू एवं परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशन हिरवानी का स्थानीय साहू समाज ग्राम अचानकपुर द्वारा सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम पूर्व सरपंच कस्तूरी साहू के पौत्री के जन्मोत्सव समारोह के अवसर पर आयोजित किया गया। तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा किसी भी घर में बेटी का जन्म लेना लक्ष्मी का आगमन माना जाता है। आज समाज में जहाँ 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा जन-जन तक पहुँचा है, वहीं यह समय की आवश्यकता है कि हम 'बेटा पढ़ाओ, बेटा बचाओ' का भी संदेश दें।क्योंकि जिस समाज में बेटियाँ संस्कार और संवेदनशीलता की प्रतीक हैं, वहीं बेटे को भी सम्मान, संयम और संस्कार की शिक्षा देना उतना ही आवश्यक है। जब बेटा समझदार होगा, तभी वह बेटी की रक्षा करेगा, माता-पिता का सम्मान करेगा और समाज में संतुलन बनाए रखेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से बेल्हारी परिक्षेत्र अध्यक्ष टेस राम साहू, राजेश्वर गंजीर, राजकुमार साहू, गोपीराम साहू, परसू साहू, डोकेश्वर साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# शिक्षक फेडरेशन के चुनाव में राठौर पैनल की एकतरफा जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े शिक्षक संगठन छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष चुनाव 02 नवंबर को साहू भवन रायपुर में हुए। लोकतांत्रिक पद्धति एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया में रवींद्र राठौर पैनल के उम्मीदवारों नें एकतरफा जीत दर्ज की। जिनमें प्रदेश अध्यक्ष पद पर रवींद्र राठौर नें 116 अपने निकटम प्रत्याशी अजय गुप्ता ने 48 वोट अश्वनी कुर्रे क़ो 19 क़ो हरा कर जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्र हरमुख 109 हेम साहू 73 मत प्राप्त कर देवेंद्र हरमुख जीते सचिव पद पर शरण दास क़ो 48 व राजू टंडन क़ो 134 इस प्रकार राजू टंडन नें जीत दर्ज की। कोषाध्यक्ष पद पर शेष नाथ पांडे नें 133 वोट व संजय कौशिक क़ो 49 वोट मिले। इस प्रकार रवीन्द्र राठौर पैनल नें सभी प्रकार के समीकरण क़ो ध्वस्त कर एकतरफा जीत दर्ज की। रविन्द्र राठोर के प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित होने पर जिला इकाई दुर्ग के ओर से जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष पाटन चेतन सिंह परिहार, ब्लॉक अध्यक्ष धमधा उत्तम सिंह ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्ग सतीश चंद्राकर, ब्लॉक सचिव पाटन राजकुमार बघेल, उपाध्यक्ष खेलावन सिंह कुर्रे,टेकेश्वर प्रसाद यदु, देवनारायण बघेल, अंकेश महिपाल,दानेश्वर प्रसाद वर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, सुनील बघेल, चन्द्रशेखर साहू, विनोद देवांगन,यादराम साहू,कामता प्रसाद धनकर, कमलेश कुमार साहू, टेकराम चंद्राकर, चंद्रप्रकाश ध्रुव, चिंताराम भारतद्वज महिला प्रकोष्ठ रचना वर्मा, सचिव मनीषा गौतम, हर्षलता साहू और शशिकला कुर्रे आदि के हर्ष व्यक्त किया और सभी ने आशा जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण में नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त होगी।

**जामगांव आर में भागवत कथा प्रवचन जारी**

# सत्संग और संत सानिध्य में सकारात्मक सोच की अविरल धारा : आचार्य हरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

लूणी बाई केला फ्रंट परिसर जामगांव आर में श्री मद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में मंगलवार को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष की कथा पर व्याख्यान हुआ। जिसमें आचार्य पंडित हरीश चतुर्वेदी ने जीवन को सकारात्मकता से युक्त करने का प्रभावी मार्गदर्शन दिए। भागवत भगवान की अमृत वाणी का श्रवण करने में दिनेश पुगलिया पैरी, टीकम राठी सुकमा ,पारस चंडाक कांकेर, चंद्रेश राठी तरीघाट, पवन राठी सूरत, पवन गांधी बेमेतरा प्रीति चांडक धमतरी, सुभाष राजू, रमेश, बद्रीनारायण, प्रकाश केला, रवि राठी महासमुंद , गोपाल राठी भानुप्रतापपुर ,मानक लाल राठी अंडा ,दिलीप रिया राठी अंडा शांति लाल राठी भरदा, कांता राठी बेमेतरा पंकज गांधी बेमेतरा, मीठालाल केला, रेखा उमा, ममता, नीता पुष्पा, निर्मला केला, कांता राठी, शीतल राठी और निर्मला गोलछा की खास उपस्थिति रही।

### सकारात्मक सोच के अभाव में धनवान भी गरीब सा जीवन जीते हैं

आचार्य श्री ने कहा कि सकारात्मक सोच के अभाव में धन संपन्न भी गरीब सा जीवन जीने विवश है इन दिनों वैचारिक प्रदूषण ने घरों में नकारात्मक सोच की हवा भर रखी है।सकारात्मक सोच वालो को अपनी मस्ती में आगे बढ़ते रहना चाहिए लोगो की ना समझी भरी टिप्पणी को नजरअंदाज करते हुए ध्यान रखना चाहिए कि लोगो का काम है कहना लोग इस कुछ तो कहेंगे।आचार्य श्री ने कहा कि सत्संग स्वाध्याय से सकारात्मक सोच की अविरल धारा जीवन में प्रवाहित होती है। सच्चे संतो की सोच सकारात्मक होती है संतो की पहचान भेष मात्र से नहीं बल्कि चरित्र आचरण सहनशीलता दया करुणा से करना चाहिए।



### चंचला लक्ष्मी का उपयोग परमार्थ में कर आनंद ले

भगवताचार्य ने कहा कि भर भर के रखने की नीति से परहेज करते हुए चंचला लक्ष्मी का उपयोग यथायोग्य परमार्थ में भी करना चाहिए।जिससे भविष्य अच्छा फल दायक बन सके। धन को इस दुनिया से नहीं ले जा सकते लेकिन परमार्थ का फल भव भव तक लाभान्वित करता रहेगा। केला परिवार ने भागवत भगवान की ज्ञान गंगा बहाकर चंचला लक्ष्मी का उपयोग कर भक्तों में सत्संग की विचार क्रांति लाने का जो सार्थक पहल किए वह कंठ मुक्त सराहनीय अनुमोदनीय है।

### पराया धन मिट्टी समान समझे

आचार्य श्री ने कहा कि घोर स्वार्थ के वशीभूत होकर पराए धन अपना समझना तकलीफ को निमंत्रण देने जैसा है जिनको अच्छी जिंदगी जीना पराया है धन पर नजर ना डाले मिट्टी के सामान समझे।आचार्य श्री ने कहा कि दान की महिमा के अनुरूप दान ग्रहण कर्ता व्यवहार नहीं किए तो कष्ट कारक बन जाती है दान। रास्ते में या कही भी किसी की सामग्री मिल जाए और किसका है पता ना चले तो उसका उपयोग स्वयं ना करें परमार्थ में उपयोग करे।















## गुरुनानक देव जी की दस शिक्षाएं

1. ईश्वर एक है.
2. सदैव एक ही ईश्वर की उपासना करो.
3. ईश्वर सब जगह और प्राणी मात्र में मौजूद है.
4. ईश्वर की भक्ति करने वालों को किसी का भय नहीं रहता.
5. ईमानदारी से और मेहनत कर के उदरपूर्ति करनी चाहिए.
6. बुरा कार्य करने के बारे में न सोचें और न किसी को सताएं.
7. सदैव प्रसन्न रहना चाहिए. ईश्वर से सदा अपने लिए क्षमा मांगनी चाहिए.
8. मेहनत और ईमानदारी की कमाई में से जरूरतमंद को भी कुछ देना चाहिए.
9. सभी स्त्री और पुरुष बराबर हैं.
10. भोजन शरीर को ज़िंदा रखने के लिए जरूरी है पर लोभ-लालच व संग्रहवृत्ति बुरी है.






# 10 लाख से उमरपोटी अंडरब्रिज का संधारण पांच महीने बाद हालत में नहीं हुआ सुधार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

**लोगों को आवागमन में हो रही है दिक्कत, रेलवे ने बनाया है ये अंडरब्रिज**



भिलाई। उमरपोटी अंडरब्रिज का संधारण 10 लाख रुपए खर्च कर किया गया था। महज पांच महीने ही हुए हैं और इस अंडरब्रिज की हालत जस की तस हो गई है। अंडरब्रिज के बीच दो फीट का गड्ढा हो गया है। इस गड्ढें में पानी भर गया है। जिसकी वजह से वाहनों का निकलना यहां मुश्किल हो गया है। रेलवे ने इस अंडरब्रिज का संधारण करने के लिए दो महीने तक इसे बंद कर रखा था। उसके बाद संधारण करवाया गया लेकिन इन दिनों यह पहले जैसा ही हो गया है।

### दुर्ग, रिसाली, बोरसी, उतई सहित कई गांव के लोग प्रभावित

उमरपोटी अंडरब्रिज से दर्ग, रिसाली, बोरसी, उतई सहित दो दर्जन गांव के लोगों के आवागमन का रास्ता है। इसके अलावा आसपास चंद्रनगर, लोकनगर, कबीर नगर, न्यू नेहरूनगर सहित दर्जनभर कालोनी हैं। जहां के लोगों द्वारा यहां से आवागमन होता है। रेलवे ने ट्रैफिक रूट को डायवर्ट करने के लिए इस अंडरब्रिज का निर्माण किया है। रहवासी बताते हैं कि इन दिनों इस अंडरब्रिज से गुजरना जान जोखिम में डालने जैसा है। अंडरब्रिज के बीच में लंबा-चौड़ा और गहरा गड्ढा हो गया है। जहां वाहनों के चक्के अनियंत्रित हो जाते हैं और लोग दुघर्टनाग्रस्त हो रहे हैं।

### भरी गर्मी में हुआ था संधारण कार्य

उमरपोटी अंडरब्रिज का संधारण भरी गर्मी में किया गया था। जुलाई 2025 में इस अंडरब्रिज को रेलवे के संबंधित ठेका एजेंसी ने बंद कर दिया था। बंद करने की वजह इसी जगह का संधारण वर्क करना था जहां वर्तमान में दिक्कत हो रही है। पानी निकालकर अंडरब्रिज संधारण किया गया। इन दिनों फिर से अंडरब्रिज के बीच का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। सूत्रों के मुताबिक ठेका एजेंसी को सालभर तक संधारण वर्क का मेंटनेंस करना है लेकिन एजेंसी अब अपना काम समेट कर इसे भूल गई है। जिसका खामियाजा यहां की जनता को भुगतना पड़ रहा है।

### रात में जोखिमभरा है इस अंडरब्रिज से गुजरना

रहवासियों ने बताया कि उमरपोटी अंडरब्रिज से रात होने पर गुजरना बेहद ही जोखिमभरा हो गया है। एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के दौरान वाहनों की हेडलाईट की तेज रौशनी चालक के आखों में पड़ती है। जिससे आखें चुंधिया जाती है। इस बीच गड्ढे वाली जगह दोनों तरफ के चालकों को दिखाई नहीं पड़ता। मौजूदास्थिति में वाहन इस गड्ढे में ही फंस जाती है। रहवासी बताते हैं कि कई बार वाहन आपस में टकरा भी गई है। इससे वाद-विवाद की स्थिति बनती है। वे बताते हैं कि दुपहिया वाहन वालों के चक्के गड्ढें में फंस जाना आम बात हो गई है। लोगों को इस दिक्कत से बचने के लिए दूसरे रास्ते से घूमकर आना जाना पड़ रहा है। इससे अंडरब्रिज की उपयोगिता पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं।

# ट्रांसपोर्ट नगर इंजीनियर पार्क हथखोज रोड पर हादसे को दावत दे रहा नहर पर बना जर्जर पुल

**दिन-रात गुजरते हैं हाइवा और ट्रेलर आदि सैकड़ों भारी वाहन**



**भिलाई।** औद्योगिक क्षेत्र भिलाई से इंजीनियरिंग पार्क हथखोज जाने वाली सड़क पर रेलवे क्रासिंग के निकट जर्जर पुल हादसे को दावत दे रहा है। ट्रांसपोर्टनगर चौक के निकटस्थ नहर पर बना पुल पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इस पर चौबीस घंटे सैकड़ों भारी वाहन गुजरते हैं। इस मामले में नगर निगम भिलाई तीन चरौदा नगर निगम अकर्मण्य बना हुआ है।

औद्योगिक क्षेत्र भिलाई तथा इंजीनियरिंग पार्क हथखोज में करीबन चार सौ छोटे बड़े उद्योग और ट्रांसपोर्टनगर में भी सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता रहता है। यहां हथखोज रोड पर जामुल नंदिनी रेलवे ट्रैक के पास नहर में पुल पिछले लंबे समय से मेंटेनेंस मांग रहा है। सड़क जगह जगह सरिया निकला हुआ है और तारकोल उखड़ने से गड्ढे हैं। दोनों ओर पुल की दीवार व रेलिंग भी पांच फीट से अधिक टूटकर नहर मे गिर चुकी है। वाहनों के आने जाने के दौरान पुल में कंपन्न होती है। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि इस व्यस्ततम रोड के जर्जर पुल पर से रोज हाइवा,ट्रैलर और ट्रकें आदि सैकड़ों गाड़ियां दिन रात गुजरती हैं। इस कारण हमेशा बड़ी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। भारी वाहन पर टनों माल लदा होता है। यहां से भिलाई से रायपुर के लिए भी गाड़ियां जाती हैं।

### नहर में कबाड़ और पटा है कचरा

पुल के नीचे नहर में बारिश के मौसम में लबालब पानी बहता रहता है। नहर में करीबन आठ दस फीट पानी होता है। वर्तमान में पानी कम है लेकिन कबाड़ और कचरा पटा हुआ है। यहां स्ट्रीट लाइट की रौशनी भी कम है। बस्तीवासियों ने बताया कि ऐसी स्थिति में वाहन के नहर में गिरने से गंभीर हादसे हो सकते हैं। निगम व प्रशासन से कई बार शिकायत के बाद भी पुल की अब तक मरम्मत नहीं की गई है। सुरक्षा के लिए जल्द नया पुल निर्माण कराए जाने की जरुरत है।



**खबर संक्षेप**

### चिकित्सा कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर-9 में कर्म शिरोमणणि पुरस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ। अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर ने की। चिकित्सा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं अनुकरणीय सेवा भावना के लिए "कर्म शिरोमणि पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। सम्मानित कर्मियों में स्टाफ नर्स दिनेश्वरी यादव, स्टाफ नर्स (सुपरवाइजरी), नर्सिंग प्रशासन रीना अल्पना सेंदूर, तथा मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट सुधीर कुमार पाण्डेय शामिल थे। डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर ने कहा कि "कर्म शिरोमणि पुरस्कार" केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि यह निरंतर उत्कृष्टता, निष्ठा और सेवा भावना के प्रति प्रेरणा का प्रतीक है। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. निली एस कुजूर, सहायक प्रबंधक अनुजा सक्सेना, सहायक महाप्रबंधक जया राय, तथा शीबा थॉमस सहित आदि मौजूद थे।

# बीएसपी जेएलएनएच से.9 के निजीकरण के प्रयास से गुस्साई यूनियनें और सेवानिवृत्त कर्मचारी उतरे सड़क पर, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के पं. जवाहर लाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र (जेएलएनएच) सेक्टर 9 के निजीकरण के प्रयासों का चौतरफा विरोध शुरु हो गया है। ट्रेड यूनियनों ने एकजुटता से केंद्र सरकार और सेल प्रबंधन के इस कदम को जन विरोधी बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। मंगलवार को सीटू यूनियन के बैनर तले यूनियन नेताओं व सेवानिवृत्त मेडिकल स्टाफ और बीएसपी एक्स एम्पलाइज एसोसिएशन सड़क पर उतरा और अस्पताल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया वहीं इंटक यूनियन ने आपात बैठक कर निजीकरण के कदम को वापस लेने की मांग की है। ऐसा नहीं किए जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। जेएलएनएच सेक्टर नौ के निजीकरण के खिलाफ में सीटू और एक्स एमप्लाइज एसोसिएशन ने अस्पताल पहुंचकर विरोध जताया और महाप्रबंधक शाहिद अहमद को ज्ञापन सौंपकर जेलएनएच को निजी हाथों में देने के प्रयास को कर्मचारी विरोधी बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। सीटू के अध्यक्ष विजय जांगड़े, महासचिव जेपी त्रिवेदी, अजय आर्या, डीवीएस रेड्डी, एसपी डे, संतोष पुष्टी और संतोष कुमार आदि यूनियन नेताओं ने ज्ञापन में मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी और बताया कि बीएसपी के चिकित्सा विभाग प्रबंधन द्वारा पूरे चिकित्सा विभाग को किसी निजी कारपोरेट समूह को सौंपे जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे अस्पताल के सभी कर्मचारी और आश्रित चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता व निरंतरता को लेकर आक्रोशित और आशंकित हैं। प्रबंधन द्वारा निजीकरण या किसी भी तरह एतरफा परिवर्तन औद्योगिक विवाद अधिनियम का उल्लंघन होगा। यूनियनों व अधिकारियों के संगठन की सहमति के बिना बीएसपी की चिकित्सा सेवाओं या जेएलएनएच सेक्टर नौ को निजी कारर्पोरेट समूह को सौंपने का व्यापक विरोध किया जाएगा। यूनियन नेताओं ने कहा कि भारत के विकास में स्टील निर्माण से बीएसपी का बड़ा योगदान है। ऐसे महत्वपूर्ण उद्योग में काम करने वाले कर्मचारियों को मूलभूत सुविधाओं में यह जेएलएनच अस्पताल शामिल है। लेकिन निजीकरण से कर्मियो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस अस्पताल में बीएसपी के अलावा सेवानिवृत्तों,सीआईएसएफ, एफएसएनएल और डीपीएस कर्मियों के साथ शहरवासियों का भी इलाज होता है। निजीकरण से अस्पताल की नीतियां बदल जाएंगी और सभी को नुकसान व परेशानी होगी। सीटू ने चेताया है कि यदि सरकार व प्रबंधन द्वारा तत्काल जेएलएनएच के निजीकरण के कदम को वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

### इंटक भिलाई से दिल्ली तक करेगी विरोध

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक की हुईआपात बैठक हुई। जिसमें सेक्टर 9 और सेक्टर 1 हॉस्पिटल के अधिकांश विभागों को निजी हाथों में दिए जाने के प्रयासों पर आक्रोश व्यक्त किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रबंधन द्वारा यूनियन से चर्चा किए बिना सेक्टर 9 हॉस्पिटल की व्यवस्था में कोई भी परिवर्तन किया गया तोकड़ा विरोध किया जाएगा। बैठक में इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि भिलाई प्रबंधन सेक्टर 9 हॉस्पिटल की 90% व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने जा रहा है। इसमें मंत्रालय की तरफ से प्रबंधन पर दबाव बनाया जा रहा है। बीएसपी के अत्यंत हेजॉर्डस प्लांट होने को ध्यान में रखते हुए यहां पर हॉस्पिटल सुविधा शुरू किया गया। प्लांट के कर्मचारी पिघलते लोहे, जहरीली एवं ज्वलनशील गैसों के बीच कार्य करते हैं। जिससे यहां लगातार दुर्घटनाएं होती हैं साथ ही धूल, धुआ एवं जहरीली गैसों के बीच लगातार कार्य करने से कर्मचारियों को विभिन्न बीमारियां भी होते रहती है।

# मॉडल टाउन में 1 करोड़ रुपए से होंगे कई निर्माण, हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



निर्दलीय पार्षद होने के चलते जिस मॉडल टाउन में विकास नहीं हो रहा था, वहां के विकास के लिए सांसद विजय बघेल ने ध्यान दिया और उनके सहयोग से यहां लगभग एक करोड़ रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। सांसद बघेल ने मंगलवार को सभी विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। वार्ड 3 मॉडल टाउन के पार्षद हरिओम तिवारी ने इसके लिए खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वो अपने वार्ड के विकास के लिए काफी दिनो से संघर्षरत थे, लेकिन उनके यहां विकास के लिए स्वीकृति नहीं मिल रही थी। उन्होंने यह बात सांसद विजय बघेल के समक्ष रखी। सांसद ने विशेष रूप से शासन को पत्र लिखा, जिसके बाद उनके वार्ड के लिए लगभग एक करोड़ रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। मंगलवार को सांसद विजय बघेल व पार्षद हरिओम तिवारी के द्वारा सभी विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंग, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा एवं पार्षद महेश वर्मा, भाजपा नेता राम उपकार तिवारी, पप्पू यादव, पार्षद रवि शंकर कुर्रे, पार्षद राजू साहू, पार्षद मुकेश अग्रवाल, पार्षद राजा बंजारे सहित वार्ड के अनेक लोग उपस्थित रहे।

### यह होंगे विकास कार्य

मॉडल टाउन में 49.79 लाख रुपए की लागत से केनाल रिटर्निंग वाल और सीसी रोड, 19 लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक, 13.50 लाख रुपए की लागत से सीसी रोड और नाली निर्माण और 10 लाख रुपए की लागत से वृक्षा रोपण का कार्य किया जाना है।

### महिलाओं को बांटी गई साड़ी

सांसद बघेल और पार्षद हरिओम तिवारी ने सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली आंगनबाड़ी, मितानिन और स्लम क्षेत्र में रहने वाली 125 महिलाओं को दीपावली की बधाई देते हुए साड़ी भेंटकर शुभकामनाएं दी।

# बीएसपी सतर्कता जागरुकता सप्ताह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा, सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह महात्मा गांधी कलामंदिर में हुआ। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एकेचक्रवर्ती थे। विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, पवन कुमार, राकेश कुमार, पीके सरकार, अरुण कुमार तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. विनीता द्विवेदी थे।

सीजीएम सुनील सिंघल ने स्वागत भाषण दिया। श्री चक्रवर्ती ने कहा कि सतर्कता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हमें अपने समाज, राजनीति और राष्ट्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है तो प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना होगा और अन्याय तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठानी होगी।इस अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों द्वारा सतर्कता विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किया गया।

### विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत

वीडियो डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं, रैली, शपथ ग्रहण समारोह एवं जन-जागरूकता अभियानों के दृश्य शामिल थे। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेजा प्रतिभागियों, निर्णायकों तथा बीएसीपी के स्कूलों के एथिक्स क्लब से जुड़े विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप महाप्रबंधक मोहम्मद नौशाद आलम तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक संदीप गुप्ता ने प्रस्तुत किया गया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष से मिले नवनियुक्त पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



भाजपा कार्यालय भिलाई में बीजेपी भिलाई जिला के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की शुरुआत भारतमाता एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन को धन्यवाद ज्ञापित किया। जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उनका अनुशासित एवं समर्पित कार्यकर्ता है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अपने अपने बूथ, वार्ड एवं मंडल में पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए मजबूती से कार्य करेंगे। पार्टी द्वारा निर्धारित सभी कार्यक्रमो को पूर्ण ऊर्जा एवं एकजूटता के साथ जमीनी स्तर पर सफलतापूर्वक करेंगे। केंद्र एवं राज्य सरकार की हर जनहित कार्य या उनकी योजनाओं को जरूरतमंदों तथा नीचे तबके तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। बैठक में महामंत्री मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, जिला उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, नटवर ताम्रकार, चन्ना केशवलु, गोपाल कृष्ण वर्मा, चंद्रकांता मांडले, पूनम शुक्ला, जिलामंत्री विनोद सिंह, मनोज तिवारी, कुबेर शर्मा, पारस जंघेल,रश्मि सिंह, भारती साहू, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, सहकोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन आदि उपस्थित थे।

### एसीएस पिंगुआ ने बीएसपी के पैवेलियन को देखा

**भिलाई।** राज्योत्सव पर रायपुर में आयोजित प्रदर्शनी में बीएसपी के पैवेलियन को विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ तथा एडीजी हिमांशु गुप्ता ने अवलोकन किया। अतिथियों का स्वागत महाप्रबंधक (संपर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क) अमूल्य प्रियदर्शी ने किया।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

**आयुक्त ने किया नाली, नकटा तालाब का निरीक्षण**

# कमिश्नर ने प्रस्तावित रोड निर्माण से पूर्व नाली बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-2 वैशाली नगर अंतर्गत ढ़ांचा भवन कुरूद में रोड, नाली एवं नकटा तालाब का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया। निगम आयुक्त एवं कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा ढांचा भवन कुरूद में प्रस्तावित रोड निर्माण का निरीक्षण किये। उक्त रोड पर बरसात के पानी का निकासी हेतु कोई सुविधा नहीं है।

रोड निर्माण से पूर्व नाली की व्यवस्था करने सहायक अभियंता अर्पित बंजारे को निर्देशित किए है। समीपस्थ मोहल्ले में पानी निकासी के लिए नाली निर्माण प्रस्तावित है, जिसकी प्रक्रिया पूर्ण कर शीध्र नाली बनाने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किया गया है। साथ ही स्थानीय नागरिकों की समस्या से अवगत होते हुए निराकरण हेतु चर्चा किये हैं। आयुक्त ने नकटा तालाब की साफ-सफाई व्यवस्था का भ्रमण करते हुए जायजा लिए। तालाब के किनारे अवैध कब्जा किया गया है, अवैध कब्जाधारियो के खिलाफ बेदखली कार्यवाही करने सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे को निर्देशित किये हैं। उप अभियंता चंदन निर्मल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा उपस्थित रहे।

